जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 116, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 22 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सरकार लोगों को बेवकूफ बनाना बंद करें: सुरजेवाला



**इस** ऐलान को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा- 'सरकार ने 60 दिन में पेट्रोल की कीमतों में 10 रुपए की बढ़ोतरी की और अब 9.50 रुपए घटा रही है। वहीं, डीजल की कीमतें 60 दिन में 10 रुपए बढ़ा दीं और अब 7 रुपए कम की जा रही है। सरकार लोगों को बेवकूफ बनाना बंद करे।'


# महंगाई पर वार

## घटे पेट्रोल-डीजल के दाम



## पेट्रोल-डीजल के दाम में भारी कटौती: पेट्रोल साढ़े 9 रुपए और डीजल 7 रुपए सस्ता हुआ, केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटाई





**नई दिल्ली:** पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों का सामना कर रहे देश के नागरिकों को केंद्र सरकार ने शनिवार को बड़ी राहत देने का एलान किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम पेट्रोल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) को आठ रुपये और डीजल पर छह रुपये कम कर रहे हैं। इससे पेट्रोल की कीमत 9.5 रुपये प्रति लीटर और डीजल के भाव में सात रुपये प्रति लीटर तक कम हो जाएंगे। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के नौ करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 200 रुपये प्रति सिलेंडर (12 सिलेंडर तक) सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे हमारी माताओं और बहनों को मदद मिलेगी।

**प्लास्टिक उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी भी घटाई:** सीतारमण ने कहा कि हम उन प्लास्टिक उत्पादों के लिए कच्चे माल पर भी कस्टम ड्यूटी कम कर रहे हैं, जहां हमारी आयात निर्भरता ज्यादा है। स्टील के कुछ कच्चे माल पर भी आयात शुल्क को घटाया जाएगा। कुछ स्टील उत्पादों पर निर्यात शुल्क लगाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि सीमेंट की उपलब्धता को बेहतर करने के लिए मानक अमल में लाए जा रहे हैं और सीमेंट की कीमत कम करने के लिए बेहतर लॉजिस्टिक्स का सहारा लिया जा रहा है।

### पीएम उज्ज्वला योजना वाले सिलेंडर पर 200 रुपए मिलेगी सब्सिडी

**वित्त** मंत्री ने बताया कि पीएम उज्ज्वला योजना वाले सिलेंडर पर इस साल 200 रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। एक परिवार को साल में 12 सिलेंडर मिलेंगे। इसका फायदा 9 करोड़ परिवारों को मिलेगा। इससे पहले, केंद्र सरकार ने 3 नवंबर 2021 को पेट्रोल पर 10 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 5 रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी घटाई थी। सरकारी सूत्रों के अनुसार पिछले साल नवंबर में जब केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 5 और डीजल पर 10 रु प्रति लीटर एक्साइज कटौती की थी तब विपक्ष शासित राज्यों ने वैट नहीं घटाया। महाराष्ट्र, प बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और झारखंड ने वैट से 11,945 करोड़ रुपए कमाए।




**शनिवार को पेट्रोल-डीजल के कुछ ऐसे रहे दाम:** शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 96.67 रुपये प्रति लीटर रहे। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 115.51 रुपये और डीजल की 105.77 रुपये प्रति लीटर रही। कोलकाता में पेट्रोल का भाव 115.12 रुपये और डीजल की कीमत 99.83 रुपये प्रति लीटर रही थी। वहीं, चेन्नई में पेट्रोल 110.85 रुपये प्रति लीटर और डीजल 100.94 रुपये प्रति लीटर के भाव से बिका।

**सरकार ने राहत छह महीने के बाद दी:** पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर बढ़ रही नाराजगी को देखते हुए केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में काफी बड़ी कटौती की है। सरकार के इस फैसले से जनता को काफी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि सरकार ने राहत छह महीने के बाद दी है। इससे पहले केंद्र सरकार ने दीवाली की पूर्व संध्या पर पेट्रोल डीजल की कीमतों पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में कटौती की थी।

# 'भाजपा केरोसिन छिड़क रही, आग भड़केगी'

## लद्दाख में यूक्रेन जैसे हालात, चीन पर बोलने से डर रही सरकार: राहुल गांधी




**लंदन:** लंदन के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में आइडियाज ऑफ इंडिया सेमिनार में राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। राहुल ने कहा कि चीन ने लद्दाख और डोकलाम में यूक्रेन जैसे हालात कर दिए हैं, लेकिन सरकार इस पर एक्शन नहीं ले रही है। राहुल ने कहा कि सरकार इस मसले पर बोलने से भी डरती है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा- भाजपा देश में ध्रुवीक्ररण का केरोसिन छिड़क रही है। बस आपको एक चिंगारी लगाने की जरूरत है, फिर देश खुद जलने लगेगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष की लड़ाई सबसे पहले इसे रोकने की है। इस सेमिनार में शामिल होने के लिए सीताराम येचुरी, सलमान खुर्शीद, तेजस्वी यादव, महुआ मोइत्रा और मनोज झा समेत विपक्ष के कई नेता पहुंचे हैं।

**भारत में लोकतंत्र की स्थिति अच्छी नहीं:** राहुल ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत में अभी लोकतंत्र की स्थिति अच्छी नहीं है। भाजपा के लोगों ने संवैधानिक पदों पर कब्जा कर लिया है। सभी सरकारी संस्थानों में पीछे से लोगों की एंट्री दी जा रही है। हम इन लोगों से लड़ रहे हैं।

**कांग्रेस क्यों लगातार हार रही है चुनाव:** कांग्रेस की हार और भाजपा की जीत के सवाल पर राहुल ने कहा कि हम लोगों के पास नहीं जा पा रहे हैं। हमें और अधिक आक्रामक रूप से उन 60-70% लोगों के पास जाने की जरूरत है, जो भाजपा को वोट नहीं देते हैं और हमें इसे एक साथ करने की जरूरत है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सबको सुनती है और जोड़ने का काम करती है। हम

### कांग्रेस तो 1984 से ही केरोसिन लेकर घूम रही: भाजपा



**नई दिल्ली:** लंदन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के 'आइडियाज फॉर इंडिया' सम्मेलन में राहुल गांधी के दिए बयान के बाद से भारतीय जनता पार्टी हमलावर हो गई है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस वार्ता कर राहुल गांधी के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी पर भी हमला बोला है। गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी लंदन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी की सेमिनार में जाते हैं और वहां जाकर देश की छवि को धूमिल करते हैं। ये आदत हो गई है राहुल गांधी और गांधी परिवार की कि वे पीएम मोदी से नफरत करते-करते भारत माता के खिलाफ ही बयान देने लगते हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि आप भाजपा का विरोध कर सकते हैं, स्वस्थ राजनीति का ये एक हिस्सा है। लेकिन आप हमारे देश के लिए अपशब्द कहेंग।

## असम-अरुणाचल सीमा विवाद: 'अगले साल तक इस मुद्दे का समाधान होने की उम्मीद'



**देओमाली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि असम और अरुणाचल के बीच अंतरराज्यीय सीमा विवाद के अगले साल तक हल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि असम और अरुणाचल प्रदेश की सरकारें इस विवाद के एक स्थायी और उचित समाधान के लिए काम कर रही हैं। शाह अरुणाचल के तिरप जिले में नरोत्तम नगर के रामकृष्ण मिशन स्कूल के गोल्डन जुबली समारोह को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और विकास लाने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। यह कहते हुए कि पूर्वोत्तर को उग्रवाद मुक्त बनाने के प्रयास लगातार चल रहे हैं, शाह ने दावा किया कि केंद्र में प्रधानमंतंरी नरेंद्र मोदी की सरकार के पिछले आठ वर्षों के कार्यकाल के दौरान इस क्षेत्र के लगभग 9000 आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

**'उत्तर-पूर्व के युवा अब बंदूकें नहीं लैपटॉप लेकर चल रहे हैं':** गृह मंत्री ने कहा कि अब उत्तर-पूर्व के युवाओं को बंदूकें और पेट्रोल बम लेकर चलने की जरूरत नहीं है। अब वह अपने हाथों में लैपटॉप लेकर चल रहे हैं और स्टार्टअप्स की शुरूआत कर रहे हैं।

यह विकास का वह रास्ता है जिसकी कल्पना केंद्र सरकार की ओर से इस क्षेत्र के लिए की गई है।

## भ्रष्टाचार मामले में हरियाणा के पूर्व सीएम ओपी चौटाला दोषी करार

**नई दिल्ली:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी करार दिया है। इस मामले में सजा पर अदालत 26 मई को दलीलें सुनेगी। अदालत के आने वाले फैसले पर सियासी दलों से लेकर आम जनता की निगाहें टिकी हैं। सीबीआई ने मामला 2006 में दर्ज किया था। जांच के बाद 2010 में चार्जशीट दाखिल की गई थी। सीबीआई ने 106 गवाह पेश किए ।

## मुसलमान होने के शक में जैन बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

**रतलाम:** रतलाम जिले की सबसे बुजुर्ग सरपंच पिस्ताबाई चत्तर (86) के बड़े बेटे भंवरलाल जैन (65) की बीजेपी नेता ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। बुजुर्ग को मुसलमान होने के शक में मार डाला गया। मरने वाला शख्स एक अन्य बीजेपी नेता का भाई था। सरपंच का पूरा परिवार 15 मई को भेरूजी पूजा करने चित्तौड़गढ़ गया था। 16 मई को पूजा-पाठ के बाद भंवरलाल लापता हो गए। गुरुवार को उनका शव मनासा (नीमच) में पुलिस थाने से आधा किमी दूर रामपुरा रोड पर मिला था।

### केंद्र की चेतावनी: बिजली कंपनियों के 9692 करोड़ रुपये चुकाए यूपी सरकार, नहीं तो रोक दी जाएगी आपूर्ति

## यूपी में गहराएगी बिजली संकट?



**लखनऊ:** केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को बिजली उत्पादक कंपनियों (जेनको) व कोल इंडिया के 9692 करोड़ रुपये के बकाये का तत्काल भुगतान करने को कहा है। तत्काल भुगतान न करने पर प्रदेश की बिजली रोकने की भी चेतावनी दी गई है। केंद्र के इस कदम से वित्तीय संकट से जूझ रहे पावर कॉर्पोरेशन के सामने अतिरिक्त बिजली के इंतजाम के साथ भुगतान की चुनौती खड़ी हो गई है। विदेशी कोयले की खरीद के बाद अब केंद्र ने प्रदेश सरकार पर जेनको व कोल इंडिया के बकाये के भुगतान का दबाव बढ़ा दिया है। केंद्रीय ऊर्जा सचिव आलोक कुमार ने प्रदेश के प्रमुख सचिव ऊर्जा को पत्र भेजकर कहा है कि जेनको का 9372.49 करोड़ तथा कोल इंडिया का 319.82 करोड़ रुपये बकाये का तत्काल भुगतान किया जाए नहीं तो प्रदेश की बिजली रोकी जा सकती है। केंद्र सरकार की इस चेतावनी ने पावर कॉर्पोरेशन व राज्य विद्युत उत्पादन निगम के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। दरअसल, हर महीने आपूर्ति की जा रही बिजली के अनुपात में राजस्व वसूली नहीं हो पा रही है जिससे पावर कॉर्पोरेशन नियमित रूप से जेनको और राज्य विद्युत उत्पादन निगम को बिजली का भुगतान नहीं कर पा रहा है। भुगतान न मिलने से उत्पादन निगम कोल इंडिया को भुगतान नहीं कर पा रहा है। चूंकि प्रदेश में बिजली की जबर्दस्त किल्लत है इसलिए पावर कॉर्पोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्त्रोतों से अतिरिक्त बिजली भी खरीदनी पड़ रही है। ऐसे में तत्काल भुगतान करना बेहद मुश्किल हो रहा है। उत्पादन निगम के अधिकारियों का कहना है कि अनुबंध के अनुसार पावर कॉर्पोरेशन जिन उत्पादन इकाइयों से बिजली खरीदता है ।

## यूपी: सभी परिवारों का कार्ड बनाकर आधार से जोड़ेगी सरकार




**लखनऊ: योगी** सरकार प्रदेश भर के लोगों के सामाजिक और आर्थिक स्थिति की स्थिति के सटीक आकलन के लिए परिवार कार्ड बनाने जा रही है। यह कार्ड आधार से लिंक होगा। एक परिवार को कम से कम एक रोजगार की दिशा में यह कार्ड बड़ा कदम साबित होगा। परिवार कार्ड बनने तक राशन कार्ड को ही आधार माना जाएगा।

**रोजगार देने का संकल्प लिया गया:** संकल्प पत्र में अगले पांच वर्षों में एक परिवार को कम से कम एक रोजगार देने का संकल्प लिया गया था। इसके लिए योगी सरकार लगातार प्रयत्नशील है। सरकार विभिन्न योजनाओं और रिक्त पदों पर भर्ती करके इसे पूरा करने में जुटी हुई है। इसके लिए सरकार को प्रदेश में सभी परिवारों की सामाजिक और रोजगार संबंधी स्थिति की जानकारी आवश्यक है।

**कार्ड में परिवार के बारे में सभी जानकारियां दर्ज:** योगी सरकार इसके लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार सभी परिवारों का कार्ड बनाने जा रही है। इस कार्ड में परिवार के बारे में सभी जानकारियां दर्ज होंगी। परिवार में कितने सदस्य हैं, उनकी उम्र कितनी है, कौन-कौन नौकरी करता है या रोजगार से जुड़ा हुआ है, यह सभी जानकारियां दर्ज होंगी। परिवार कार्ड को आधार से लिंक किया जाएगा।

**जब तक कार्ड नहीं तब तक राशन कार्ड को ही आधार:** इस आधार पर सरकार के पास सटीक जानकारी होगी कि किन परिवारों में एक भी व्यक्ति रोजगार से नहीं जुड़ा हुआ है। परिवार की सामाजिक स्थिति क्या है। इस आधार पर सरकार अपनी विभिन्न रोजगार योजनाओं से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराएगी। यह योगी सरकार का बड़ा कदम साबित होगा। जब तक लोगों का परिवार कार्ड नहीं बन जाता है तब राशन कार्ड को ही आधार माना जाएगा।

## कश्मीर में राहुल भट्ट की हत्या पर प्रदर्शन



**श्रीनगर:** कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए राहुल भट्ट की हत्या के 10वें दिन अनंतनाग जिले के कश्मीरी पंडितों ने सिर मुंडवा कर प्रदर्शन किया। उन्होंने राहुल भट्ट की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। साथ ही मांग की है कि उन्हें घाटी में सुरक्षा दी जाए या फिर उनकी पोस्टिंग जम्मू कर दी जाए।

**जागो मोदी, जागो मोदी के लगाए नारे:** राहुल भट्ट की हत्या के बाद जम्मू से लेकर कश्मीर तक प्रदर्शन हो रहे हैं। शनिवार को अनंतनाग जिले के मट्टन इलाके में पंडितों ने जागो मोदी, जागो मोदी, शहीद राहुल भाई अमर रहे, राहुल तेरे कातिल जिंदा हैं जैसे नारे लगाए। उन्होंने सवाल किया कि केंद्र सरकार और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन कश्मीरी पंडितों के लिए सुरक्षित माहौल क्यों नहीं बना रहा है?

**जिला विकास आयोग बडगाम राहुल की हत्या का जिम्मेदार:** प्रदर्शन कर रहे लोगों ने जिला विकास आयोग बडगाम पर राहुल भट्ट की हत्या के लिए जिम्मेदार होने का भी आरोप लगाया।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के 8 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर होंगे विविध कार्यक्रम

### यमुनापार की चारों विधानसभा में किसान मोर्चा तालाब पोखरों की करेगा सफाई

**रत्योंरा/कोरांव।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को 8 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चों के द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में औद्योगिक विकास, आत्मनिर्भर भारत, किसान उत्थान, नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, युवा कल्याण, स्वाभिमान शौर्य, पराक्रम, एक भारत श्रेष्ठ भारत के जो कार्य हुए हैं। उनके प्रसार हेतु 30 मई से 14 जून तक भाजपा के विभिन्न मोर्चों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर 8 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाई जाएंगी। जिसके लिए विधानसभा कोरांव में 4 जून को तालाब एवं पोखर की सफाई की जाएगी। जिसके लिए बाकायदा कार्यक्रम चार्ट निर्धारित किया गया है। भगेसर गांव के ठाकुर तालाब की साफ सफाई की जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक मुकेश पांडेय ने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# समाधान दिवस पर अचानक पहुंचे मंडलायुक्त व आईजी, हड़कंप

## उपस्थिति रजिस्टर में अनुपस्थित रहे विभागीय अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश



समाधान दिवस पर फरियाद सुनते मंडलायुक्त व आईजी

**मेजा।** तहसील प्रशासन में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब अचानक समाधान दिवस पर कमिश्नर संजय गोयल व आईजी डा रमेश सिंह पंहुच गए। बता दें तहसील समाधन दिवस एसडीएम विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसी दरमियान एक बजे के आस-पास कमिश्नर व आईजी के अचानक पहुंचने से सभागार में अधिकारियों में हड़कंप का माहौल बना रहा। पहुंचते ही कमिश्नर ने उपस्थिति रजिस्टर चेक किया, जिसमें दर्जनभर से अधिक विभागीय अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थिति पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा उचित कार्रवाई किए जाने की बात कही।समाधान दिवस पर अचानक उच्च अधिकारियों की सूचना पर फरियादियों में हलचल तेज हो गई। धीरे-धीरे फरियादियों की लंबी कतार लग गई।फरियादियों में सिरसा निवासी दुर्गा प्रसाद शुक्ला ने परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा को लेकर कमिश्नर से शिकायत की। बरी निवासी गुलाब चंद्र मिश्रा ने समिति से मिले बीज के न उगने की शिकायत की। इसी तरह से अन्य फरियादियों ने भी अपनी समस्या को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा, जिसपर उच्च अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।वही आईजी डॉ राकेश सिंह उपस्थिति रजिस्टर में अनुपस्थित मिले थाना खीरी के एसआई शरद सिंह व अनुराग शर्मा की मौके पर ही क्लास लगा दी। तहसील समाधान दिवस पर कुल 189 शिकायत दर्ज किए गए। इस दौरान तहसील समाधान दिवस पर उपस्थित रहे सभी अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

### शिकायत पर तहसीलदार ने मौके पर भेजा टीम

समाधान दिवस पर जनसुनवाई फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने भी वंचित परिवारों के लिए पट्टा आवंटन की शिकायत की। मंडलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वंचित ग्रामीणों को आवासीय भूखंड का पट्टा की पत्रावली काफी दिनों से तहसील में लंबित है, जबकि प्रधानमंत्री आवास का पैसा लाभार्थियों के खाते में जमा है। आवासीय भूखंड उपलब्ध न होने के कारण स्थित परिवारों द्वारा पुनः तालाब पर ही निर्माण करने को बाध्य हो रहे हैं। इसी मामले में कुछ ग्रामीणों के ऊपर मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है। फाउंडेशन के जनपद प्रभारी अधिवक्ता विवेक सिंह कि संबंधित शिकायत पर मंडलायुक्त संजय गोयल द्वारा तहसीलदार से मामले को अति शीघ्र निस्तारण करते हुए रिपोर्ट देने की बात कही, जिसपर तहसीलदार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर राजस्व टीम के पहुंचने का निर्देश दिया।

## संदिग्ध अवस्था में हुई युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**लेडियारी।** थाना खीरी अन्तर्गत क्षेत्र के डीही खुर्द निवासी एक युवक का फांसी लगाकर संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हरीओम भूर्तिया पुत्र स्व. राधिका प्रसाद भूर्तिया उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी डीही खुर्द बीति रात लगभग छः बजे अपने खेत की तरफ मोटरसाइकिल से गया हुआ था कि नीम के पेड़ के नीचे गले में नई रस्सी का फंदा लगा हुआ जमीन को छूता हुआ उसकी लाश मिली। लोगों द्वारा यह भी बताया गया कि मृतक की बाइक चालू अवस्था में थी। जब उक्त घटना की सूचना इलाकाई पुलिस को चली तो तत्काल सीओ मेजा अमिता सिंह सहित मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हरिओम के मौत को लेकर लोगों में तरह तरह की चर्चाएं भी रही किंतु घटना का सही पता पीएम रिपोर्ट आने पर ही चलेगा कि आखिर हत्या है या फिर आत्महत्या। हरिओम अपने तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था। उसकी मौत से घर में कोहराम सा छा गया।

## न्यूज झरोखा

### मेजा फायर स्टेशन पर कर्मचारियों ने मनाया आतंकवाद विरोधी दिवस



**मेजा रोड।** शनिवार को मेजा फायर स्टेशन पर अग्निशमन अधिकारी ने कर्मचारियों संग आतंकवाद विरोधी दिवस मनाते हुए आतंकवाद के विरुद्ध शपथ लिया। अग्निशमन अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने शपथ लेते हुए कर्मियों को बताया कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं। निष्ठा पूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक, सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ लेते हैं। इस दौरान फायर ब्रिगेड के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### अनुवां में अमृत सरोवर तालाब के निर्माण कार्य का शुभारंभ



**जंघई।** अनुवां ग्राम पंचायत में भूमि पूजन कर अमृत सरोवर तालाब के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। अमृत सरोवर योजना के तहत मनरेगा से पोखरे की खोदाई एवं पौधरोपण होगा। राज्य वित्त से पाथ-वे का निर्माण होगा। इसी योजना के तहत सरोवर के निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन के बाद फावड़ा चलाकर किया गया।इस अवसर पर संदीप गुप्ता उर्फ तोगड़िया मण्डल अध्यक्ष भाजपा जंघई, वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद पांडेय, ग्राम प्रधान मंजू देवी, प्रमोद हरिजन, ग्राम विकास अधिकारी अख्तर अहमद व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भगवती मानव कल्याण संस्थान ने हंडिया एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हंडिया।** भगवती मानव कल्याण संगठन ने शनिवार को हंडिया क्षेत्र में हंडिया के अध्यक्ष आलोक यादव के नेतृत्व मे तीर्थराज प्रयागराज सहित सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश को नशा मुक्त घोषित करने को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया इस मौके पर रामसिंह शिवशंकर यादव शिवकुमार मौर्य श्याम नरायन जय कुमार गुप्ता वेदप्रकाश शुक्ला रामप्रताप भारतीय अनिता विन्द सुनीता यादव शांति बिंद अनारकली पाल रेखा पाल सुषमा विश्वकर्मा राजेंद्र प्रसाद जायसवाल आदि सैकड़ो लोग उपस्तिथ रहे।

# भाजपा नेता के अवैध प्लाटिंग पर चला योगी का बुलडोजर, हड़कम्प

## ब्लाक प्रमुख द्वारा पंद्रह बीघे पर की गई थी अवैध प्लाटिंग

अखंड भारत संदेश



अवैध प्लाटिंग पर चलता पीडीए का बुलडोजर

**झूंसी।** क्षेत्र एक ब्लाक प्रमुख भाजपा नेता के अवैध प्लाटिंग पर शनिवार को योगी ने बुलडोजर चलवा कर यह संदेश दिया की कोई भी हो गलत साबित होने पर छोड़ा नही जायेगा। भाजपा नेता के अवैध प्लाटिंग पर हुई कार्यवाही जहा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है वही भूमाफियों में हड़कंप मचा हुआ है। सचिव जोनल अधिकारी अजय कुमार के नेतृत्व में पीडीए की टीम तीन जेसीबी के साथ झूंसी पहुची तो भूमाफियाओं में खलबली मच गई। पीडीए उस्तापुर महमूदाबाद में एक भाजपा नेता व अन्य के द्वारा 15 बीघे जमीन पर की गई प्लाटिंग पर पहुचा तो निर्माण करा रहे लोगो में हड़कंप मच गया लोग अपना अपना पेपर लेकर मौके पर पहुचे अफसरों को दिखाने लगे पर अफसरों ने किसी की एक नही सुनी । निर्माण करा रही एक महिला ने कहा की जब इतने बड़े क्षेत्रफल में प्लाटिंग की जा रही थी तब पीडीए कहा था। जिंदगी भर की जमा पूंजी लगा कर जमीन लिया और उसपर निर्माण करा रही हु जिसे पीडीए गिराने आई है। घंटो चली कार्यवाही के दौरान दर्जनों स्थाई निर्माण को ढहाया गया। इस दौरान अवर अभियंता राजेश श्रीवास्तव, कुँवर आनन्द, इंस्पेक्टर झूंसी यशपाल सिंह भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## बाउंड्री गिरा कर मड़हा में आग लगा दी गई मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर बाउंड्री गिरा दी गई और छप्पर में आग लगा दी गई। विरोध पर मारा पीटा गया। पुलिस ने चार नामजद आठ अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकफात्मा उर्फ पूरे माधो निवासी द्वारिका प्रसाद का आरोप है कि उनके विपक्षी एक राय होकर उसकी बाउंड्री गिरा दिए तथा छप्पर में आग लगा दी। विरोध पर एक राय होकर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। पुलिस ने द्वारिका प्रसाद की तहरीर पर जिया राम ,रवींद्र ,ज्ञानेन्द्र ,दूधनाथ और आठ अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## बिजली विभाग संविदा कर्मियों के द्वारा चौथे दिन भी जारी रही हड़ताल

**मेजा रोड।** मानदेय नहीं मिलने से नाराज बिजली विभाग के संविदा कर्मियों की हड़ताल चौथे दिन शनिवार को भी जारी रही। दैनिक वेतन विद्युत कर्मचारी संघ के तत्वाधान में भुगतान को लेकर संविदा कर्मी 18 मई से कार्य का बहिष्कार कर हड़ताल पर है। संविदा कर्मियों ने साफ-साफ कह दिया कि जब तक मानदेय नहीं मिलेगा तब तक संविदा कर्मी काम पर नहीं लौटेंगे इससे विभाग का काम प्रभावित हो रहा है। बिजली विभाग के संविदा कर्मियों का आरोप है कई माह से उन्हें मानदेय नहीं मिल रहा है। जबकि कई बार विभाग में शिकायत भी की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ। शनिवार को मेजारोड बिजली उपकेंद्र में सैकड़ों की संख्या में संविदा कर्मी एकत्रित होकर। दैनिक वेतन विद्युत कर्मचारी संघ के मंत्री एससी बहादुर के नेतृत्व में जमकर नारेबाजी करते हुए अवर अभियंता कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान एक्सईएन कार्यालय पर मौजूद नहीं रहे। संविदा कर्मियों ने बताया कि उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट है। कर्मियों ने कहा कि दिन रात जान जोखिम में डालकर काम किया जाता है लेकिन सुरक्षा के नाम पर उन्हें ना तो सेफ्टी बेल्ट, ग्लब्स सहित आदि उपकरण उपलब्ध नहीं कराया जाता। उनका आरोप है कि जान जोखिम में डालकर वह दिन-रात उपभोक्ताओं की सेवा में लगे रहते हैं लेकिन उनका भुगतान समय पर क्यों नहीं किया जाता।

## होम बार लाइसेंस का किया विरोध, सौपा ज्ञापन




### तहसील दिवस कोरांव में बार एसोसियेशन अध्यक्ष ने भी सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**कोरांव।** कैबिनेट द्वारा होम बार लाइसेंस दिए जाने का फैसला काफी दुर्भाग्यपूर्ण है, चहुमुखी विकास मे काफी बाधक है साथ ही नौनिहालों के जीवनकाल पर इसका दुष्परिणाम पड़ेगा जिसको बन्द किया जाना व पूरे प्रदेश को नशामुक्ति किया जाना बेहद आवश्यक है उक्त बातें भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष गायत्री प्रसाद चतुर्वेदी ने उपजिलाधिकारी को संगठन के पदाधिकारियों के साथ ज्ञापन देते वक्त कही। बता दे कि होम बार लाइसेंस का विरोध करते हुए संगठन के कार्यकताओं ने तहसील दिवस कोरांव मे माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को जरिये उपजिलाधिकारी कोरांव द्वारा ज्ञापन देकर होम बार लाइसेंस को पूर्णतया बन्द किये जाने की माँग की है जिसमे प्रमुख रूप से संगठन के उपाध्यक्ष बाल गोबिन्द पाण्डेय, कोषाध्यक्ष एव तहसील बार एशोसिएशन के अध्यक्ष उमाकान्त तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, चन्द्रिका प्रयाद सिंह, रघुराज कुशवाहा, हरीलाल सिंह, गजराज सिंह, विजय बहादुर सिंह, शिव कुमार मौर्या, नीलेश तिवारी सहित दर्जनों की संख्या में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला युवक की मौत एक घायल

## सोरांव के गहरपुर मलकिया में हुई घटना, शव बिना पोस्टमार्टम के मऊआइमा पहुंचा मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम वाजिदपुर निवासी एक युवक अपने रिशतेदार को बाइक पर बैठा कर सोरांव जा रहा था। जैसे वह सोरांव के मलकिया गहरपुर के निकट पहुंचा शनिवार को शाम के समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां युवक की मौत हो गई और रिश्तेदार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। शव बिना पोस्टमार्टम के घर पर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार निर्मल 38 वर्ष पुत्र जवाहरलाल तथा रिशतेदार मनोज कुमार ग्राम दली का पूरा सोरांव निवासी बाइक से सोरांव जा रहे थे। बताया गया है कि शनिवार को शाम के समय जैसे बाइक मलकिया गहरपुर पहुंची अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर भाग गया। जिससे धर्मेन्द्र कुमार और मनोज कुमार सडक पर तडपने लगे। ग्रामीणों और परिजनों ने अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने धर्मेन्द्र कुमार 38 वर्ष को मृत्यु घोषित कर दिया जबकि मनोज कुमार की हालत नाजुक बनी हुई है । बताने हैं कि बिना पुलिस को सूचना दिए बिना पोस्टमार्टम के मृतकधर्मेन्द्र कुमार का शव देर शाम जब मऊआइमा के वाजिदपुर पहुंचा कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी गीता देवी पुत्री अंजली 18 वर्ष ,पुत्र आजाद 15पुत्र साहिल 10 वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक मृतक धर्मेन्द्र कुमार का शव घर पर रखा था।

## अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को कुचला मौत, बुजुर्ग की नही हुई शिनाख्त

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम सुल्तान पुर खास स्थित प्रयागराज प्रतापगढ़ हाइवे पर स्थित जोगा पुर मंडी के सामने एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। पुलिस प्राइवेट अस्पताल ले गयी। तब तक काफी दे हो गई थी। मऊआइमा के ग्राम सुलतानपुर जोगापुर सब्जी मंडी के सामने शनिवार को सुबह अज्ञात बुजुर्ग जिसकी उम्र लगभग 65 वर्ष बतायी गयी है। अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिसे पुलिस प्राइवेट अस्पताल ले गयी तब तक बहुत देर हो चुकी थी । घंटों बुजुर्ग की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को चीरघर भेज दी है।

## डम्फर की चपेट में आने से मस्जिद के पेश इमाम की हुई मौत,कोहराम

### क्षेत्र के बैठकवा में डंपर व बाइक की भिड़ंत में हुआ हादसा, पुलिस ने पीएम के लिए भेजा शव



**रत्योंरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़ोखर बाजार के एक युवक घर से महेशपुर जा रहा था शनिवार दोपहर बाद देवघाट ड्रामनगंज सड़क पर बैठकवा गांव के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार डम्फर अनियंत्रित होकर बाइक सवार सहित को जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और बाइक छतिग्रस्त हुई मौत की सूचना परिवार को मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक अब्दुल समद पुत्र आजम निवासी बड़ोखर थाना कोरांव मिजार्पुर जनपद के हलिया थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव के मस्जिद में पेश इमाम थे। मस्जिद में बच्चों को पढ़ाने का भी काम किया करते थे। शनिवार को दोपहर बाद अपने पैतृक गांव बड़ोखर से महेशपुर मस्जिद जा रहे थे देवघाट दरामन्डगंज मार्ग बैठकवा गांव के पास तेज रफ्तार सामने से आ रही अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार पेश इमाम को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। और बाइक छतिग्रस्त हो गई।हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पेशइमाम की शादी पांच वर्ष पहले हुई थी उनके दो बच्चे हैं बड़ी लड़की साबरिंन तीन माह का एक लड़का अमांत रसूल और पत्नी सबाना का मौत की खबर मिलते ही परिवार में जहां कोहराम मच गया वहीं परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

## थाना थरवई पुलिस द्वारा शांति भंग के अंदेशा में तीन अभियुक्त का किया गया चलान

**थरवई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज अजय कुमार द्वारा समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने व अपराध एवम् अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गंगापार अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी फूलपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष थरवई महेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक अखिलेश कुमार व उंकिपोलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में तीन अभियुक्त वासुदेव सोनी पुत्र स्व महादेव प्रसाद , शंभूनाथ सोनी पुत्र स्व महादेव , विजय कुशरवानी पुत्र स्व नानक चन्द्र को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत किया गया चलान।

# जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं

अखंड भारत संदेश

## सम्पूर्ण समाधान दिवस-तहसील सोरॉव



**सोरांव।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को सोरांव तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर शिकायतों को सुनते हुए जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ तो किया ही जाये साथ ही साथ शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। इस अवसर पर कुल 325 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा है कि प्रत्येक दशा में शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सरकारी जमीन कों तलाबो में दर्ज किये जाने, ट्यूवेल आपरेटर की लापरवाही तथा चकरोड, नाली तथा पुलिस से सम्बन्धित मामले मुख्य रहे, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारित किये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सोरांव डा0 कंचन, मुख्य चिकित्साधिकारी नानक शरण, डीडीओ ए0के0 मौर्या,खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव,प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सुरेंद्र कुमार यादव, सचिव अखिलेश कुमार, मिथलेश कुमार, रिद्धि, मिथलेश मिश्रा सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने भैंस चोरी की तहरीर पर मुकदमा ना लिखे जाने को लेकर सोरांव थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार सरोज की जमकर फटकार लगाई। तथा चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार सरोज से इतने दिनो तक तहरीर पर कार्यवाही न होने और मुकदमा न लिखे जाने को लेकर स्पष्टीकरण भी मांगा। हालांकि सबसे बड़ी बात तो यह है कि जो मुकदमा लिखवाने के लिए पीड़ित थाने का चक्कर लगा रहा था उस मुकदमे को कप्तान की एक फटकार पर तुरंत लिख लिया गया। जानकारी के अनुसार कुरगांव निवासी शालिक राम की भैंस 16 तारीख को उनके घर से चोरी हो गई थी। जिसकी तहरीर चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार को उसी दिन दिया था। लेकिन लापरवाह चौकी प्रभारी भैंस चोरी का मुकदमा लिखना वाजिब नहीं समझते।

## सरकार के दिशा निर्देशों का अति शीघ्र पालन करें अधिकारी : अमृता सिंह



**करछना।**शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अध्यक्षता कर रही एसडीएम करछना अमृता सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त जन शिकायतों का समय पर संबंधित विभाग के अधिकारी निस्तारण अवश्य कराएं दोबारा किसी भी शिकायत मिलने पर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी इस अवसर पर क्षेत्र से आए हुए फरियादियों ने 140 शिकायतें दर्ज कराएं जिस में सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग बिजली विभाग, पुलिस विभाग से संबंधित रहे सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग पर दर्ज किए गए जिस को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अमृता सिंह ने राजस्व कर्मियों को समय रहते निस्तारण करने की दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया कार्यक्रम में थाना करछना,घूरपुर और औद्योगिक, नैनी प्रभारियों समेत खंड विकास अधिकारी चाका, कौंधियारा, करछना एवं राजस्व कर्मचारी तहसीलदार सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान का आयोजन आज से

**सहसों।** विद्वान प्रसाद मिश्र के संयोजन में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ वेदी पूजन एवं कलश यात्रा के साथ आज रविवार से क्षेत्र के कोतारी गांव में कथा व्यास आचार्य विनोद माधव जी के मुखारविन्द से कथा का श्रवण प्रतिदिन सांयकाल चार बजे से छः बजे तक किया जाएगा। आयोजक चिंतामणि मिश्र ने बताया कि कथा का समापन 29 मई को अंतिम कथा रसपान से होगा तथा 30 मई को हवन यज्ञ एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।

### कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**करछना।** विकासखंड करछना में जल नहीं केवल स्तनपान अभियान को सफल बनाने हेतु अभीमुखी कार्यशाला आयोजित की गई बैठक में सीडीपीओ एके सिंह ने योजना के संबंध में करछना की कार्यकत्रियों के साथ-साथ बाल विकास परियोजना खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी ,पंचायत अधीक्षक , सीएचसी आदि के साथ-साथ जल विकास निर्माण विभाग की सुपरवाइजर द्वारा प्रतिभाग किया गया अभिमुखीकरण कार्यशाला में बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा बनाया गया कि वर्तमान माह में विभाग द्वारा जलही नही केवल स्तनपान अभियान चलाया जा रहा है जिसमें 6 माह तक के बच्चों को बाहरी आहार नहीं देना है मां का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है।

# तेज आंधी से बदला प्रयागराज का मौसम, छाए बादल

अखंड भारत संदेश



शहर में धूल भरी आंधी व छाए रहे बादल

**प्रयागराज।** संगम नगरी व आसपास के जिलों में शनिवार की शाम को अचानक मौसम बदल गया। पहले तेज हवा फिर तेज आंधी चलने लगी। आसमान में बादल भी छा गए हैं। इससे लोगों को बारिश की उम्?मीद भी नजर आ रही है। आंधी ने उमस भरी गर्मी को झेल रहे लोगों को राहत दी। वहीं आंधी से राह चलते लोगों को परेशानी भी हुई।

**23 व 24 मई को बारिश की उम्मीद :** बता दें कि मौसम विभाग ने पिछले दिनों तेज गर्मी और लू के थपेड़ों से जल्द राहत मिलने की उम्मीद जताई थी। इसी माह बारिश की उम्?मीद भी जताई है। यूं तो आसमान में बादलों की आवाजाही दो दिनों है। आर्द्रता 68 प्रतिशत होने की वजह से मौसम में उमस का भी भरपूर असर रहा। उमस में ऐसे ही इजाफा होने पर 23 मई को तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई गई थी। 24 मई के अलावा एक-दो दिन और भी बारिश की उम्मीद जताई गई है। वैसे आज यानी 21 मई को भी प्रयागराज के ग्रामीण इलाकों में बूंदाबांदी हुई।

**आंधी से तापमान में कमी:** शनिवार सुबह मौसम राहत भरा था लेकिन दोपहर में हालत यह थी कि उमस और गर्मी चरम पर रही। गर्म हवा परेशान कर रही थी तो सूर्य की तल?ख किरणें शरीर में चुभ रही थी। गुरुवार की तुलना में शुक्रवार को 0.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़त लेते हुए 46.3 डिग्री सेल्सियस हो गया था। वहीं न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि शाम को अचानक मौसम बदलने और आंधी के बाद तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आज का न्?यूजनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुई। आज की आर्द्रता 68 प्रतिशत रही।

# शादी समारोह में डीजे बजा कर लौट रहे दो लोगों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शनिवार को हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा गंगापार के सोरांव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। बरात से डीजे बजाने के बाद उसी में सवार होकर लौट रहे दो युवक हादसे का शिकार तब हुए जब ट्रक ने डीजे वाहन में टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि एक लोग की मौके पर मौत हो गई। और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को पुलिस ने स्वरूपरानी में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान लगभग दो घंटे बाद उसकी भी मौत हो गई। मृतकों के घर में कोहराम मच गया।

### तकनीकी खराबी आ जाने से बीच सड़क पर बना रहे डीजे को ट्रक ने मारी टक्कर

**डीजे वाहन से लौटते समय हादसा :** मऊआइमा थाना इलाके के उमरिया बादल उर्फ गैंदा निवासी निखिल कुमार (19) पुत्र शिव कुमार शादी विवाह में डीजे बजा कर घर का खर्च चलाता था। उसके साथ अमरजीत (20) पुत्र देवी दीन निवासी उमरिया बादल भी था। शुक्रवार को शहर से बरात में डीजे की बुकिंग थी। डीजे बजाने के बाद अमरजीत के साथ निखिल कुमार शनिवार को डीजे वाहन से वापस घर लौट रहा था।

**प्रयागराज-प्रतापगढ़ हाईवे पर खराब हो गया था वाहन :** सोरांव थाना क्षेत्र के शिवगढ़ गांव के निकट डीजे वाहन खराब हो गया। और दोनों युवक खराब डीजे वाहन बनाने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने डीजे वाहन में टक्कर मार दिया। हादसे में मौके पर ही निखिल कुमार की मौत हो गई। जबकि अमरजीत गंभीर रूप से जख्मी हो गया। निखिल की मौके पर व अमरजीत की अस्पताल में मौत हादसे के बाद आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अमरजीत को एंबुलेंस से शहर के एसआरएन अस्?पताल में भर्ती कराया। जानकारी होने पर निखिल कुमार व अमरजीत के परिवार के लोग भी पहुंचे। इलाज के दौरान अस्?पताल में अमरजीत की भी मौत हो गई। दोनो मृतकों के स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है मृतक निखिल कुमार अपने माता-पिता की एकलौती संतान थी। थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस हादसे के बाद फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अरई वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022-23 मे ग्राम पंचायत अरई विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22-05-2025 से दिनांक 27-05-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत अरई में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 28-05-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 28-05-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | भगौती प्रसाद के घर से घनश्याम के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य 250मीटर | 5.00 लाख | 2 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत में अन्त्योष्टि स्थल निर्माण 1 नग | 30.00 लाख | 2 माह |
| 3. | ग्राम पंचायत में ह्यूम पाइप क्रय | 2.00 लाख | 2 माह |
| 4. | अतुल के घर से दशरथ विश्वकर्मा के खेत तक पक्की नाली 250 मीटर | 5.00 लाख | 2 माह |
| 5. | प्राथमिक विद्यालय भस्मा तथा प्राथमिक विद्यालय अरई में कायाकल्प का कार्य | 8.00 लाख | 2 माह |

अशोक कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अरई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

मनीष कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अरई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# गोली से घायल आशीष त्रिपाठी की चार दिन बाद एसआरएन में हुई मौत

### मामूली विवाद को लेकर लाइसेंसी पिस्टल से आशीष को मारी गई थी गोली

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विवाद के बाद उसे गोली मार दी गई थी। चार दिन जिंदगी और मौत से जूझने के बाद युवक ने शनिवार को आखिरी सांस ली। इलाज के दौरान उसकी मौत हुई। मामला प्रयागराज जिले में यमुनापार के बारा थाना क्षेत्र का है। उधर पुलिस ने चार आरोपितों में से दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि दो आरोपित अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।



**किसी बात को लेकर धर्मेंद्र और आशीष में हुआ था विवाद :** यमुनापार में घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा बाजार निवासी व?यापारी धर्मेंद्र केसरवानी पुत्र बनवारी लाल केसरवानी और बारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांडर निवासी आशीष त्रिपाठी (35) उर्फ गुड्डू त्रिपाठी पुत्र मंगला प्रसाद त्रिपाठी के बीच विवाद हो गया था। मंगलवार को बारा क्षेत्र के पांडर पेट्रोल पंप के पास मजरा कालिका का पूरा में किसी बात पर दोनों में विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान बात बढ़ी तो धर्मेंद्र केसरवानी ने असलहे से फायरिंग की। गोली लगने से आशीष त्रिपाठी जख्मी हो गया।

**एसआरएन अस्पताल में इलाज के दौरान आशीष की मौत :** गोली की आवाज सुनकर जब तक लोग वहां पहुंचते आरोपित वहां से फरार हो चुका था। लहूलुहान हाल में आशीष को देख पुलिस को सूचना दी गई। बारा पुलिस और आशीष त्रिपाठी के परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस आशीष को इलाज के लिए आनन-फानन में एसआरएन अस्?पताल में भेजा। वहां आशीष त्रिपाठी चार दिन तक मौत से लड़ता रहा। शनिवार को उसकी मौत हो गई। आशीष की मौत की खबर गांव में पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

**चार में से दो आरोपित गिरफ्तार हैं, दो की तलाश कर रही पुलिस :** शनिवार को गोली से घायल पांडर निवासी आशीष त्रिपाठी की मौत की जानकारी होने पर जसरा बाजार व पेट्रोल पंप के आसपास सन्नाटा पसर गया। व?यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। युवक की हत्या का आरोपी जसरा का ही रहने वाला है। पुलिस ने चार आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभी भी दो की तलाश जारी है।

**परिवार में गम का माहौल :** आशीष के पिता मंगला प्रसाद त्रिपाठी प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक के पद पर से रिटायर हुए हैं। वे अब गांव में किसानी करते हैं। उनके तीन बेटे और तीन बेटियों में आशीष सबसे बड़ा था। तीनों बेटियों की शादी हो गई। आशीष की एक पुत्री है। परिवार के सदस्?य आशीष की मौत से गमजदा हैं।

# सहकर्मी से छेड़छाड़ के मामले में, दरोगा व पत्नी के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**प्रयागराज।** जार्जटउन थाने में एक महिला सिपाही से छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि थाने के एक पुलिस चौकी में तैनात रहे एक दरोगा ने उसे अपने सरकारी आवास में बुलाकर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की। विरोध करने पर मारपीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके अलावा दरोगा की पत्नी ने भी महिला सिपाही के साथ गाली-गलौज करते हुए मारापीटा। पीड़िता सिपाही के तहरीर पर पुलिस ने पति-पत्नी पर नामजद एफआईआर किया है। वहीं आरोपी दरोगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### महिला सिपाही बोली, 2020 में सरकारी आवास में की गई थी छेड़खानी

महिला सिपाही शहर के एक थाने में 2019 से अभी भी तैनात है। इसी थाने से संबंधित एक पुलिस चौकी में 2019 से 2022 तक एक दरोगा महेश चंद्र निषाद भी तैनात थे, जो अब पुलिस लाइन में तैनात हैं। महिला सिपाही का आरोप है कि थाने में तैनाती के दौरान 2020 में दरोगा ने अपने सरकारी आवास में बुलाया और छेड़खानी के साथ अश्लील हरकत की। जब मैंने इस पूरी घटना का विरोध करते हुए दरोगा के खिलाफ केस दर्ज करने की बात कही थी, दरोगा ने माफी मांगते हुए दुबारा ऐसी गलती नहीं करने की बात कही, और पैर पकड़कर रोने लगे। मैंने उस वक्त उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं की।

### 19 मई 2022 को दरोगा व उसकी पत्नी पर मारपीट का आरोप

वहीं तैनाती के दौरान दरोगा उसे लगातार बात करने का दबाव बनाने लगे। इस पूरी घटना की शिकायत मैंने उनकी पत्नी बिन्दू देवी से भी की थी। कुछ वक्त तक मामला शांत रहा, पर दरोगा लगातार मुझे बात करने आदि के लिए दबाव बनाने लगे। वहीं 19 मई को दरोगा की पत्नी बिन्दु व दरोगा महेश ने ने अपने आवास में बुलाकर मारपीट की।

# बच्चों ने की अपील : हेलमेट पहनें और सीटबेल्ट लगाएं




अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जागरुक को लेकर राजा कमलाकर इंटर कालेज के बच्चों ने जागरुकता रैली निकाली। कालेज परिसर से निकाली गई जागरुकता रैली के जरिए बच्चों ने नगर पंचायत शंकरगढ़ के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण किया और लोगों से रोड सेफ्टी नियमों का पालन करने की अपील की। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, बाइक पर तीन सवारी नहीं करने, सड़क पर चलते समय ईयरफोन का प्रयोग नहीं करने, सड़क पर मुड़ते समय इंडीकेटर देने, गलत दिशा में गाड़ी नहीं चलाने, सड़क पर वाहन पार्क न करने, ओवरस्पीडिंग से बचने और सड़क के खाली होने पर ही ओवरटेक करने की अपील की गई। सुरक्षा सुरक्षा संबंधी नियमों को लिखे बैनर के जरिए भी बच्चों ने लोगों को जागरुक किया। बच्चों ने कहा कि जीवन आपका है, इसे सुरक्षा रखें। सड़क पर नियमों का पालन कर हम न सिर्फ अपनी सुरक्षा करते हैं, बल्कि अन्य लोगों की भी सुरक्षा बढ़ा देते हैं। रैली के समापन मौके पर राजा कमलाकर इंटर कालेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत किए गए। प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों पर प्रकाश डाला और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। कहा कि यातायात नियमों का पालन करना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इस रैली में चंद्र प्रताप सिंह, अरविंद कुमार गौतम, ओपी धारिया, अजय कुमार, अर्जुन सिंह तोमर, बृजेश कुमार यादव, पन्नेलाल, प्रदीप सिंह, राम सिंह, सुरेंद्र, सिद्धार्थ तिवारी, रणवीर सिंह, राकेश कुमार, लाडली वर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।



### सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**करछना।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता के दौरान बच्चों को प्रेरित किया गया।इस मौके पर प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि विकास की सीढियों में सड़क की भूमिका सबसे अहम है।आये दिन सड़कों के किनारे बेतरतीब वाहनों के खड़ा करने नियम के विपरीत वाहनों चलाने और कई प्रकार असावधानी के चलते कई तरह के खतरे बने रहते है।इसके प्रति सभी को जागरूक होने और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है।शिक्षक मो0 परवेज सिद्धिकी ने कहा कि सड़क पर सदैव बांये से चले,बाजारों,तिराहों,चौराहों पर सदैव धीमीगति से चलें और सुरक्षा के लिए हेलमेट,सीट बेल्ट जैसी वस्तुओं का अवश्य प्रयोग करें।योग्य होने पर ही वाहन चलाए जिससे खतरे से बचा जा सके।प्रार्थना सभा स्थल पर मौजूद बच्चों ने इसके प्रति पास पड़ोस और घर के लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

### नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई में सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम




**जंघई।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई में सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 20 तथा 21 मई 2022 को आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य प्रशिक्षक सुरेश कुमार सिंह थानाध्यक्ष मीरगंज जौनपुर द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक व्यवहारिक चर्चा-परिचर्चा की गई तथा साथ ही अन्य जरूरी यातायात नियमों के विषय में भी बताया गया । आगे 31 मई 2022 तक महाविद्यालय में यातायात एवं सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे । आज के कार्यक्रम का आयोजन बृजेश यादव शारीरिक शिक्षा विभाग और संचालन और संयोजन डॉ गंगेश दीक्षित विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग ने किया। डॉ दीक्षित ने सभी को यातायात नियमों के पालन करने के लिए शपथ भी दिलाया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. राजीव मालवीय, डा. रवि मिश्र, डा. रमाकान्त , डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, कुलदीप सोनी, विकास यादव, सुनील कुमार, सुनील कन्नौजिया, राम प्रकाश, दुर्गेश यादव, अंबृश शर्मा आदि शिक्षकों की उपस्थिती में महाविद्यालय के सभी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं व अभिभावक लाभान्वित हुए।

# आनंद भवन में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने शनिवार को भारत रत्न राजीव गांधी को 31वें बलिदान दिवस पर उन्हें नमन किया। राजीव गांधी के पैतृक आवास आनंद भवन में कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और देश निर्माण में उनके योगदान को याद किया। एआईसीसी सदस्य शेखर बहुगुणा ने कहा कि राजीव गांधी ने एकता और अमन के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। वक्ताओं ने कहा कि वे विश्व नेता थे जिन्होंने महिलाओं को हर क्षेत्र में 33% आरक्षण, 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज कानून , दल बदल कानून और संचार टेक्नोलाजी ने भारत को दुनिया की अग्रणी ताकत बना दिया था। अध्यक्षता शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन ने की। कहा कि संस्थाओं को ध्वस्त करने के बजाय देश को एक सामरिक सोच की जरूरत है।



**मौन प्रदर्शन कर भाजपा पर साधा निशाना :** कांग्रेसियों ने आनंद भवन में ही पूर्व प्रधानमंत्री के हत्यारे एजी पेरारिवलन को दो दिनों पूर्व अनुच्छेद 142 में मिले विशेषाधिकार के तहत रिहा किये जाने पर सांकेतिक शांति प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार पर घटिया राजनीति का आरोप लगाते कांग्रेसियों ने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस ही नहीं बल्कि हर उस वयक्ति के लिए दुख का दिन है जो भारत और भारतीयता पर भरोसा करता है। पीएम मोदी से पूछा, पूर्व पीएम के हत्यारे को रिहा किया जाना क्या यही राष्ट्रवाद है। कांग्रेस राज्य समिति के सदस्य किशोर वार्ष्णेय, गंगापार अध्यक्ष सुरेश यादव, संजय तिवारी, फुजैल हाशमी, देवी पांडेय, हरिकेश त्रिपाठी, रविन्द्र सिंह, अजय मिश्रा, जावेद उर्फी, परवेज सिद्दीकी, प्रदीप द्विवेदी, मनोज पासी , भोले सिंह, विजय यादव, विनय पांडेय, इरशाद उल्ला, राकेश पटेल, अशफाक अहमद, दिवाकर भारतीय, अजय श्रीवास्तव, दत्तात्रेय त्रिपाठी, लाल बाबू साहू, अजेंद्र गौड़, आदि मौजूद रहे ।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की मनाई गई पुण्यतिथि



**करछना।** भारत रत्न नौजवानों के मसीहा स्वर्गीय राजीव गांधी की पूर्ण तिथि करछना कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई राजीव गांधी आधुनिक भारत के निमार्ता थे भारत को बहुत ही ऊंचा शिखर पर ले जाना चाहते थे , जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विजय सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रंग राज सिंह , जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव दिनेश कुमार सोनी ,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भाई लाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार पांडे आशीष कुमार एडवोकेट शारदा प्रसाद गुरचरण रोशन लाल पटेल , विद्याधर मिश्र ,कौशलेंद्र, आदि लोगों ने आदरणीय राजीव गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा उनके बताए मार्गो पर चलने की कांग्रेसियों ने प्रेरणा ले और यह प्रण लिया गया कि हम लोग कांग्रेस को नई ऊर्जा देने के लिए जन जन तक जाकर के कांग्रेस की नीतियों सिद्धांतों को बताएंगे और अपने पूर्वजों जिन्होंने कांग्रेस को आगे बढ़ाने के लिए देश के एकता अखंडता के लिए अपने बाजुओं की पहाड़ों की बाजी लगा दें और देश की सेवा करते करते भारत मां की गोद में सो गए उन्हीं अमर बलिदानी हो से प्रेरणा लेते हुए हम लोग कांग्रेश को एक नई दिशा देने के लिए संकल्पित हैं इस मौके पर चंद्र प्रकाश तिवारी एडवोकेट, रोशन लाल ओझा, सहित कांग्रेसी नेता शामिल रहे हैं ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत केचुहा वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022-23 मे ग्राम पंचायत केचुहा विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22-05-2025 से दिनांक 27-05-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत केचुहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 28-05-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 28-05-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | गौशाला में गोपालक का कमरा | 10.00 लाख | 2 माह |
| 2. | केचुहा गौशाला में भूसा सप्लाई का कार्य | | |
| 3. | ग्राम पंचायत में केचुहा में नाली निर्माण कार्य 250 मीटर | 5.00 लाख | 2 माह |
| 4. | गौशाला में पक्की नाली निर्माण कार्य | 5.00 लाख | 2 माह |
| 5. | ग्राम पंचायत में इण्टरलाकिंग कार्य | 6.00 लाख | 2 माह |

गुड़िया देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत केचुहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

मनीष कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत केचुहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# शिकायतों का परीक्षण कर समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं: डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 285 में से 13 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में आयोजित किया गया। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुना गया। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने विकास से सम्बन्धित शिकायतों को सुना।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्रमबद्ध तरीके से फरियादियों की शिकायतों को सुना गया एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। लालगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 285 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 13 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस



सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते डीएम डा0 नितिन बंसल।

में कुल प्राप्त 285 शिकायतों में से 47 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 33, विकास विभाग से 17, समाज कल्याण विभाग से 07, बेसिक शिक्षा विभाग से 03 एवं एवं 178 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस जनता की शिकायतों के निस्तारण हेतु आयोजित किया जाता है, इसलिये जिन विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई है जनपद स्तरीय अधिकारी उनका स्वयं परीक्षण करते हुये समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें जिससे शिकायतकर्ता की समस्या का सन्तोषजनक समाधान हो सके। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये। उन्होने यह भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायकताओं को बेवजह परेशान न किया जाये, जो भी शिकायतकर्ता अपनी समस्या लेकर आये, उनकी शिकायत को गम्भीरता के साथ सुना जाये तथा समयान्तर्गत उस शिकायत का निस्तारण करें। उन्होने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसलिये सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों को समझे और उसका शत प्रतिशत निर्वहन करें जिससे आमजन मानस की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी लालगंज सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 12 प्रशिक्षार्थियों का हुआ चयन

**प्रतापगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापगढ़ में प्लेसमेन्ट डे के तौर पर आई0टी0आई0 के पास आउट प्रशिक्षार्थियों के लिये प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें नोयडा स्थित त्रिवेणी आलमीरा लिमिटेड द्वारा विभिन्न व्यवसायों के लगभग 55 प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार किया गया। साक्षात्कार के उपरान्त 12 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। प्लेसमेन्ट ड्राइव में प्लेसमेन्ट प्रभारी सनी अरोड़ा, नोडल प्रधानाचार्य बीरेन्द्र बहादुर सिंह, आई0टी0आई0 पट्टी की प्रधानाचार्य गुन्जन गुप्ता सहित उर्मिला पाल आदि उपस्थित रहे।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, माननीय उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद के अध्यक्ष/सचिव को दिनांक 29 मई को आरबीटेज्शन विशेष लोक अदालत को आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये है। सचिव ने कहा है कि माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय के निर्देशन में दिनांक 29 मई को पूर्वान्ह 10 बजे आरबीटेज्शन विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसके लिये प्रत्येक थाना, तहसील, ब्लाक के प्रचार प्रसार हेतु सूचना प्रेषित की जा रही है कि वह अधिक से अधिक आरबीटेज्शन वादों का निस्तारण आयोजित विशेष लोक अदालत में करायें। उन्होने कहा है कि जिन वादकारियों के मुकदमें आरबीटेज्शन के है वह 29 मई को विशेष लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है। वादकारी अपने न्यायालय से सम्पर्क कर अपने वादों को विशेष लोक अदालत में सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठाएं।

## चौकी इंचार्ज पर रिश्वत का आरोप, एसपी से शिकायत

**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के सराय इंद्रावत डेरवा नई बाजारगंज निवासिनी सूरजकली पत्नी रामशरण गुप्ता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि सूखा पेड़ काटने के विरोध में उसे हरा पेड़ दिखाने का भय दिखाकर डेरवा चैकी इंचार्ज द्वारा डरा-धमकाकर दस हजार रुपये रिश्वत मांगी गई। रिश्वत देने के बाद भी उसे भद्दी-भद्दी गालियां और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। सूरजकली ने मामले की विधिक कार्यवाही किये जाने की मांग एसपी से की है। सूरजकली का कहना है कि आखिर कब तक कानून के रक्षक आम जनता के भक्षक बने रहेंगे।

# भीषण गर्मी में पेयजल की उपलब्धता के साथ पौधों की भी हो रही सिंचाई

## अम्बेडकर चौराहा व स्टेशन रोड पर लगे पौधों में रोज डाला जाता है पानी



पौधों में पानी डालता नगर पालिका का सफाई कर्मचारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इस भीषण गर्मी में आम लोगों की आवश्यकतानुसार पेयजल उपलब्ध कराने के लिये नगर पालिका अभावग्रस्त क्षेत्रों में टैंकर भेज रही है, वहीं पौधे इस गर्मी में झुलस न जाएं, इसके लिये डिवाइडरों में लगे पौधों की सिंचाई भी की जा रही है। इसके अलावा हफ्ते में दो बार नगर के प्रमुख चैराहों पर लगी महापुरुषों की मूर्तियों की धुलाई व सफाई भी की जा रही है।

शनिवार को नगर पालिका का पानी का टैंकर पुराना माल गोदाम रोड व जैन गली में पानी उपलब्ध करा रहा था तो नगर पालिका के कर्मचारी अम्बेडकर चैराहा, ट्रेजरी चैराहा, भंगवा चुंगी, स्टेशन रोड तिराहा, सदर मोड़ पर लगी महापुरुषों की मूर्तियों की धुलाई व सफाई कार्य में जुटे रहे। इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में नगर को साफ-सुथरा रखने के साथ ही गर्मी में पेयजल की उपलब्धता के साथ पौधों को भी हरा-भरा रखने के निर्देश के तहत कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। शाम को नगर पालिका के कर्मचारी कम्पनी गार्डेन के सामने तथा रेलवे स्टेशन रोड पर बने डिवाइडरों में लगे पौधों की सिंचाई करते दिखाई दिये।

## युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शौच गये युवक की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के पूरे मुरली अमावा निवासी श्रीनाथ विश्वकर्मा के पुत्र अतुल विश्वकर्मा 22 शनिवार की सुबह शौच के लिए गया था। अचानक वहां उसकी सांसे किसी जहरीले जन्तु के डंसने से हो गयी। युवक की मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# कांग्रेसियों ने सूचना क्रांति के जनक राजीव गांधी के योगदानों की किया चर्चा

## पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत में सूचना क्रांति के जनक, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने राजीव गांधी द्वारा किये गए ऐतिहासिक कार्यों, कंप्यूटर एवं सूचना क्रांति, 18 साल के युवाओं को मताधिकार देना, पंचायतों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जैसे कार्यों की चर्चा की गई और राजीव गांधी के योगदान की प्रसंशा की गई। इस अवसर पर डा0 वी0के0सिंह, वेदान्त तिवारी, इरफान अली, डॉ0 नीरज तिवारी, कपिल द्विवेदी, नरसिंह प्रकाश मिश्र, बृजेन्द्र मिश्र, रोहित शुक्ल, विजय शंकर तिवारी, मो0 इश्तियाक, संजय पांडेय, श्याम शंकर तिवारी, मो0 यूनुस, आकाश मिश्र, दीपक शुक्ल, मो0 दिलशाद सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## राजीव गांधी का बलिदान राष्ट्रीय अखण्डता को देता रहेगा मजबूती का संदेशः प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अमर शहीद प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर यहां क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर कांग्रेसियों ने पुष्पाजंलि आर्पित की। कार्यक्रम को वर्चुअल सम्बोधित करते हुए सीडब्लूसी मेम्बर प्रमोद तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर भारत माता के सपनों को जीवंत रखा। श्री तिवारी ने कहा कि सूचना के अधिकार और संचारक्रान्ति के साथ राजीव गांधी ने युवा मताधिकार का देश के नौजवानों को संवैधानिक दर्जा प्रदान कर विश्व में इक्कीसिवी सदी के भारत का आज भी मजबूत सम्बल प्रदान कर रखा है।

वही कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी अपने वर्चुअल सम्बोधन में कहा कि नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में पंचायतों में महिलाओं के प्रतिनिधायन का अधिकार देकर राजीव गांधी ने देश की महिलाओं को राष्ट्रीय नीतियों के संचालन में सहभागिता का दर्जा प्रदान कर राष्ट्रीय विकास का आधार स्तम्भ तय किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्रा व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज ने किया। इस मौके पर पप्पू तिवारी, छोटे लाल सरोज, श्रीकांत मिश्र, मुरलीधर तिवारी, उदयराज पाल, दिनेश सिंह, सुनील सिंह मोनू, आईपी मिश्रा, राहुल सिंह आदि रहे।

## बिजली का कनेक्शन होने पर अंधेरे में रहने को विवश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेंद्र कालाकांकर से जुड़े क्षेत्र परियावां के पम्पापुर गांव के कनेक्शन धारक बिजली के रहते हुए भी अंधेरे में रहने को मजबूर हो रहे हैं। कारण यह है कि पूरे धनऊ का पुरवा गाव से बिजली का खम्भा न होने से पेड़ो पर बिजली की केबिल घर तक ले गए है जहाँ पांच छह दिनों से पेड़ के मालिक ने पेड़ को बेच दिया जिससे सभी की बिजली केबिल काट दी गयी है जिससे लोग अंधेरे में गुजर बसर कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न मिलने से हम लोगो को बिल भरना पड़ेगा। बिजली का खम्भा लगाने के लिए गाव का कोई भी ब्यक्ति पैसा देने को तैयार नही है जिससे बिजली मिल सके। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास के साथ एक लाख का जुमार्ना

## आम तोड़ने को लेकर छह साल पहले हुई थी युवक की हत्या

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार बरनवाल/एफ.टी.सी. ने श्रवण कुमार मिश्रा निवासी आझारा थाना लालगंज को हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व अंकन एक लाख रूपया अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि अंकन एक लाख रूपया मृतक की पत्नी रेनू पांडे को नियमानुसार प्रदत्त किया जाएगा। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी काशीनाथ तिवारी ने की।

वादी मुकदमा महानंदा पांडे निवासी आझारा थाना लालगंज के अनुसार घटना दिनांक 9 मई 2016 को समय करीब 4.30 बजे शाम की है। मैं और मेरा भाई विनय कुमार पांडे उम्र 36 वर्ष घर पर मौजूद थे मेरे भाई विनय कुमार ने कहा कि गांव के प्रवीण कुमार व श्रवण कुमार निवासी आझारा आम के पेड़ से सारा आम तोड़ कर ले गए जिसमें मेरा आधा हिस्सा है जाकर पूछता हूं कि क्यों सार आम उठा ले गए।

मेरा भाई जब प्रवीण कुमार व श्रवण कुमार के घर पहुंचा तो पीछे से मैं भी गया। मेरा भाई जैसे ही उक्त लोगों के दरवाजे पर पहुंचा इतने में ही प्रवीण कुमार ने राइफल से श्रवण कुमार अपनी बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगे जो मेरे भाई को जान से मारने की नियत से किए मेरा भाई घायल होकर तड़फड़ा कर गिर गया। मैं मौके पर पहुंचा तो मेरी तरफ बंदूक राइफल दिखाते हुए गाली दी गई। मेरे भाई की मृत्यु अस्पताल पहुंचते पहुंचते हो गई थी। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी काशीनाथ तिवारी ने की।

# घर से भागे युवक का रेलवे परिसर में हंगामा मची अफरातफरी

## जीआरपी वालों के समझाने के बाद घर जाने को राजी हुआ युवक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** घर से भागकर जा रहा युवक परिजनों द्वारा पकड़े जाने पर रेलवे स्टेशन परिसर में जमकर हंगामा करने लगा। उसके हिंसक होने से परिसर में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने मामले को शांत कराया। युवक को घर भेजा गया।

शनिवार को दोपहर स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में पोर्टिको के सामने तीन हट्टे कट्टे लोग एक युवक को जबरन पकड़कर ई रिक्शा पर बैठा रहे थे। लेकिन युवक राजी नहीं था। लोगों ने मजबूती के साथ उसका हाथ, पैर पकड़कर रखा था। युवक उन लोगों से भिड़ा था। हाथापाई कर रहा था। जिससे हंगामा खड़ा हो गया था। मजमा लगने से काफी भीड़ हो गई थी। हंगामे की खबर जीआरपी को मिली सिपाही शिव नारायण और अजय प्रजापति मौके पर पहुंचे। युवक को पकड़े लोगों ने बताया कि वे उसके भाई है।

जेठवारा गोसाईपुर गांव के हैं। युवक घर से भागकर जा रहा था। सूचना मिलने पर वे लोग पहुंच गए। अब जाने को राजी नहीं हो रहा है। सिपाहियों ने समझा बुझाकर किसी तरह युवक को परिजनों के साथ जाने के लिए राजी कर लिया।



रेलवे परिसर में हंगामा कर रहे युवक को समझाती जीआरपी पुलिस।

## जमीनी रंजिश में दंपति को पीटा, घर में घुसकर की तोड़फोड़

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन के पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने एक दंपत्ति को मारा पीटा तथा घर में तोड़फोड़ किया। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के आशापुर अठगवा के बृजेश सिंह पुत्र शिव सिंह कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनके पड़ोसी से जमीनी विवाद काफी पुराना चल रहा है जिसका न्यायालय में स्थगन आदेश भी है उक्त जमीन को रंजिश को लेकर आरोपी तथा दो अज्ञात लोग गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा घर में घुसकर तोड़फोड़ की और जान से मारने की नियत से हावड़ा से हमला किया पीड़ित ने कोतवाली में शरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

## नाला की सफाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत जनवामऊ में कई वर्षों से दुवार नाला की सफाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है। दुवार नाला की सफाई न होने से अब नाली का रूप ले लिया है जिससे बारिश के दौरान आस पास की सैकड़ो बीघा खेत पानी से जलमग्न हो जाता है जिससे किसानों की मेहनत से तैयार की गई फसल लबालब पानी मे डूब जाती है। दुवार नाला की सफाई न होने से नाला चोक हो गया है जिससे नाला का पानी का आगे निकास नही हो पा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को गांव के दर्जनों किसानों के साथ दुवार नाला की सफाई कराने के लिए विरोध जताया इस मौके पर ग्राम प्रधान रामखेलावन पटेल व बीडीसी अनुज सरोज व अख्तर खान, मनोज सिंह, उदयराज गोस्वामी,दयाराम, मुन्ना मिश्रा ने खण्ड विकास अधिकारी कालाकांकर अपर्णा सैनी से समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने की मांग की है।

# अतिक्रमण को लेकर व्यापारियों के साथ पुलिस व नपा ने की संयुक्त बैठक



नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद व्यापारीगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में अतिक्रमण हटाने के लिये आज शनिवार को नगर पालिका के सभागार में व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ प्रशासन व नगर पालिका के अधिकारियों ने बैठक कर चर्चा की। बैठक में एडीएम मुकेश कुमार, अडिशनल एसपी पूर्वी, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने शासन के निदेर्शों की जानकारी व्यापारियों को दते हुए अतिक्रमण हटाने में उनका सहयोग मांगा। बैठक में व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी, राम शंकर जायसवाल, सुरेश केसरवानी, संजय सोनी, मंजीत सिंह छाबड़ा, लखन बाबा, इफ्तेखार उर्फ बाबू, अमित केसरवानी सहित अनेक व्यापारी अपनी बात रखते हुए प्रशासन के अभियान में सहयोग का भरोसा दिलाया।

# परियावां नवाबगज चौराहा डग्गामारी वाहनों के अतिक्रमण की चपेट में

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाबजूद भी प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे से जुड़ा परियावां नवाबगज चैराहा डग्गामार वाहनों की चपेट में नजर आ रहा है। अभी तक स्थानीय पुलिस राजमार्ग पर पड़ने वाले चैराहे को डग्गामार वाहनों से खाली नही करा सकी जिसके चलते चैराहे पर से दुपहिया व चार पहिया के साथ पैदल आने जाने वाले राहगीरों को बड़ी मुसीबत से जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है। जब कि चैराहे पर डग्गामार वाहनों के सामने से नवाबगंज पुलिस हूटर बजाती हुई निकलती है लेकिन कभी डग्गामार वाहनों को टोकना मुनासिब नही समझा। जब कि चैराहे पर अतिक्रमण के चलते अब तक दर्जनों की सड़क हादसे में मौत भी हो चुकी है लेकिन स्थानीय पुलिस इस ओर से बिलकुल अनजान बनी हुई है। इतना ही नही थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में तत्कालीन थाना प्रभारी से लोगो ने शिकायत भी किया था लेकिन शिकायत को नजरअंदाज कर दिया गया इससे यह साफ जाहिर होता है कि मुख्यमंत्री की सड़क सुरक्षा के नियम को नवाबगंज पुलिस अनदेखा कर रही है या फिर बड़ी घटना होने का इंतजार कर रही है। जनहित को देखते हुए स्थानीय लोगो ने पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए नवाबगज चैराहे को अतिक्रमण से मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

## अधेड़ की मौत पर रोडवेज चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रोडवेज बस की टक्कर से अधेड़ की मौत को लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली नगर मादूपुर निवासी आशीष पाल पुत्र श्रीनाथ पाल ने पुलिस को दी गयी।

## तीन आरोपियों के खिलाफ सीओ की फटकार पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दलित की पिटाई को लेकर शनिवार को मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के केशवपुर निवासी श्याम लाल कोरी पुत्र दौलत राम ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती 16 मई को गांव के विजय सिंह पुत्र अमरनाथ, सूरज सिंह पुत्र कृष्ण पाल तथा पीयूष सिंह पुत्र घनश्याम ने रंजिश को लेकर उसे लाठी डंडे से मारापीटा। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को जातिसूचक शब्दों से गालियां देते हुए जांनलेवा धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि उसने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी । किन्तु जांच के नाम पर पुलिस ने केस नही दर्ज किया। इसके बाद पीड़ित ने सीओ से रामसूरत सोनकर से शिकायत की। सीओ की फटकार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### सरकारी हैंडपंप से नहीं भरने दे रहे हैं पानी

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के कोर्रो गांव की महिला सुनीता देवी पत्नी श्री राम ने मंझनपुर तहसील दिवस में अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में लगे सरकारी हैंडपंप पर उसके जेठ परशुराम उसे पानी नहीं भरने दे रहे हैं महिला का आरोप है कि जब पानी भरने वह हैंडपंप पर जाती है तो जेठ परशुराम और उसके बेटे गाली गलौज अभद्रता करते हैं और धमकी देते हैं कि यदि पानी भरने आई तो ठीक नहीं होगा।

### आग लगने से 4 पशुओं की जलकर मौत

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के विदन पुर गांव निवासी लल्लू राम पुत्र शिवराज पाल के घर पर अचानक आग लगी आग लग जाने से उसकी एक भैंस व तीन पड़िया की जल कर मौत हो गयी हैं मौके पर तहसीलदार सीओ सिराथू एसओ कोखराज काननू गो रियाज अहमद लेखपाल साधना सिंह आदि अधिकारी पहुंचे और जांच पड़ताल करने के बाद मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

# डीएम एवं एसपी ने तहसील चायल में सुनी आमजन की समस्यायें

## डीएम ने कहा कि आईजीआरएस एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए

**अखंड भारत संदेश**



समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनते डीएम एसपी

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने तहसील चायल में आम-जन की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें उन्होनें राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया समाधान दिवस में शिकायतकर्ता लवकुश पाल ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि जिला खादी ग्रामोद्योग से 05 लाख रुपए के ऋण हेतु पत्रावली एसबीआई बैंक प्रेषित की गयी किन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, जिस पर जिलाधिकारी ने एलडीएम को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है शिकायतकर्ता शिवमोहन एवं रामपाल ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि फर्जी कागज से एक व्यक्ति द्वारा उनकी भूमि पर कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार चायल को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। ग्राम प्रधान फतेहपुर सहावपुर, विकास खण्ड-चायल ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि बंजर भूमि पर भूमाफिया द्वारा कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं सम्पूर्ण समाधान दिवस में बार एसोशिएसन के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को तहसील में पेयजल की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने प्रकाश की बेहतर व्यवस्था हेतु हाई मास्क एवं शौचालय आदि की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केसी राय एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।


## न्यूज झरोखा

### डीएम ने अभियोजन कार्यों की समीक्षा की



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में माह अप्रैल 2022 के अभियोजन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने अभियोजन कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि भू-माफिया एवं शराब माफियाओं के मामलों में प्रभावी पैरवी की जाय इसके साथ ही उन्होंने गैगेस्टर एक्ट, एससी एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के मामले, महिलाओं के विरुद्ध के मामले तथा पॉक्सो मामले आदि की विस्तृत समीक्षा के दौरान कहा कि प्रभावी पैरवी किया जाय इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सभी उप जिलाधिकारीगण एवं क्षेत्राधिकारीगण सहित सहायक अभियोजन अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### दबिश देने गई पुलिस को नहीं मिले सपा नेता



**कौशांबी।** प्रदेश सरकार व सांसद को अपमानित करने पर मंझनपुर कस्बे के सपा नेता सबीह हैदर उर्फ मीनू के भाई के खिलाफ एसपी के आदेश पर मंझनपुर कोतवाली में गंभीर धाराओं पर मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी के घर मंझनपुर कोतवाल ने भारी पुलिस बल के साथ शनिवार को दबिश दिया। लेकिन मौके से आरोपी फरार हो गया प्रदेश सरकार और सांसद विनोद सोनकर को अपशब्दों के साथ पूर्व चेयरमैन के पुत्र ने अपमानित किया था। इसके साथ ही अपमान भरे शब्दों का वीडियो भी सोसल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसको संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गंभीर धाराओं में मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 232/22 धारा 504 506 3(2)5 एससी एसटी एक्ट व 66 आईटी एक्ट से संबंधित दर्ज किया था मुकदमे के अभियुक्त मोहम्मद मेहंदी पुत्र रजा हैदर निवासी मंझनपुर की गिरफ्तारी के लिए मंझलपुर कोतवाल ने दबिश दी है लेकिन मौके पर आरोपी नहीं मिल सका है।

### तालाबी भूमि पर बने झोपड़पट्टी को तहसीलदार ने ढहाया



**अषाढा कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के दानपुर गांव में तालाब की भूमि पर गांव के जगत पाल लोधी पुत्र राम सजीवन और मिथिलेश कुमार सरोज पुत्र मुरली सरोज ने अवैध तरीके से झोपड़पट्टी का निर्माण कर लिया था योगी सरकार के निर्देश पर मंझनपुर तहसील दार जेसीबी मशीन और स्थानीय पुलिस चौकी अषाढा की पुलिस के साथ तालाब की भूमि पर बनाएं मकान के पास पहुंचे और जेसीबी मशीन से दोनों लोगों के झोपड़पट्टी मकान को धराशाई करा कर तालाबी भूमि को खाली कराया है तालाबी भूमि से अवैध कब्जे को हटाने के समय ग्राम प्रधान और लेखपाल भी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में रिटायर्ड तहसीलदार की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चायल सिराथू मंझनपुर तहसील में तहसीलदार के पद पर कार्य कर चुके हैं संतोष कुमार सोनकर**

**इमामगंज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा गांव के पास स्कूटी सवार रिटायर्ड तहसीलदार को तेज गति वाहन ने टक्कर मार दिया है जिससे रिटायर्ड तहसीलदार की मौत हो गई है हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। जिले के चायल सिराथू और मंझनपुर तहसील में तहसीलदार के पद पर कार्य कर चुके संतोष सोनकर पुत्र स्वर्गीय घसीटे प्रसाद सोनकर मूल निवासी शहजाद पुर थाना कोखराज वर्तमान समय में प्रयागराज जनपद के बड़ा बघाड़ा थाना कर्नलगंज में परिवार सहित रहते हैं शनिवार की दोपहर स्कूटी से वह अपने गांव से वापस प्रयागराज जा रहे थे जैसे ही रिटायर्ड तहसीलदार संतोष कुमार सोनकर उम्र लगभग 61 वर्ष कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा गांव के पास पहुंचे अनियंत्रित तेज गति वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया जिससे मौके पर रिटायर्ड तहसीलदार संतोष कुमार सोनकर की मौत हो गई है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर राहगीर और ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को ग्रामीणों ने दी है सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और रिटायर्ड तहसीलदार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली है परिवार में कोहराम मच गया है।

# योग दिवस का एक वर्ष पूर्ण होने पर योगशाला में पुरुष एवं महिलाओं ने किया योगाभ्यास

## चायल के पूर्व विधायक संजय गुप्ता द्वारा एक वर्ष पूर्व किया गया था शुभारंभ इस मौके पर राम लीला मैदान में हुआ था भव्य कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**



योगभ्यास करते नगर वासी

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत कस्बा भरवारी स्थित राम लीला मैदान में नया योग शाला बनवाकर उसमे पुरुष एवम महिलाओ के लिए भव्य योग शाला का भव्य सुंदर इमारत बनवाकर कस्बा वासियों के लिए बहुत बड़ा तोहफा देने का कार्य तत्कालीन विधायक संजय कुमार गुप्ता ने किया था 'पूर्व विधायक संजय गुप्ता द्वारा एक वर्ष पूर्व आज ही के दिन रंगारंग कार्यक्रम के तहत हजारो लोगो को तोहफा देकर शरीर से विकलांग व निसहाय कमजोर लोगो को योग करके अपने शरीर को लाभ पहुचाकर फायदा पहुचाने का कार्य किया एक वर्ष पूर्ण होने पर आज लोग एकत्रित होकर स्वास्थ लाभ ले रहे है ' आज एक वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के बीरेंद्र केशरी द्वारा अपने दर्जनों साथियों के संग योग शाला में योग क्रिया करवा कर कस्बा के दर्जनों पुरुष महिलाये व बच्चो को प्रतिदिन योगक्रिया सिखाकर लोगो को स्वास्थ्य लाभ पहुचाने का कार्य किया है इस मौके पर योग शाला में फल मिष्ठान बाटकर प्रसन्ता जाहिर किया ओर विधायक संजय गुप्ता के द्वारा दिया गया उपहार को आगे भी और शिखर पर ले जाने के लिए दृढ़ संकल्प लिया इस अवसर पर योग शिक्षक बीरेंद्र केशरी भीम सिंह अशोक कुमार अमित कुमार ओम प्रकाश अजय कुमार सुशील आस्था सहित दर्जनों महिलाये उपस्थित रही।



पेड़ गिरने से अधेड़ की मौत के बाद घर पर मौजूद अधिकारी और पुलिस

# आंधी में गिरा पेड़ अधेड़ की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के विदनपुर ग्राम में तेज आंधी में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति दब गया जिससे उसकी मौत हो गई है सूचना पाकर आला अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुँची हैं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और मृतक परिजनों को मुआवजे का आश्वासन दिलाया है हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक सोनेलाल कोरी उम्र 45 वर्ष पुत्र छेदी लाल निवासी बिदनपुर थाना कोखराज शनिवार की शाम पेड़ की तरफ गया था इसी बीच अचानक तेज आंधी आ गई और आंधी में पेड़ अधेड़ के ऊपर गिर गई जिससे अधेड़ पेड़ में दब गया पेड़ में दब जाने से अधेड़ सोने लाल की मौके पर ही मौत हो गयी जानकारी मिलने पर सीओ सिराथू कृष्ण गोपाल सिंह, तहसील दार सन्तोष कुमार, कानून गो रियाज अहमद, लेखपाल साधना सिंह एसओ कोखराज घटना स्थल पर पहुँचे और सरकारी अनुदान दिलाए जाने का आश्वासन दिया है मृतक के परिवार में तीन लड़के व तीन लड़किया है जिनमे एक लड़की की शादी हो चुकी हैं मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# बार बार स्थानांतरण के बाद आखिर पश्चिम सरीरा से जेई का क्यों नहीं हो रहा मोहभंग!

**कौशाम्बी।** विद्युत उपकेंद्र पावर हाउस पश्चिम सरीरा में तैनात अवर अभियंता का विभागीय अधिकारियों द्वारा पश्चिम सरीरा से अन्य स्थानों पर बार-बार स्थानांतरण किया जा रहा है लेकिन स्थानांतरण किए जाने के बाद उनके स्थानांतरण आदेश को विभागीय अधिकारियों द्वारा फिर स्थगित कर दिया जाता है आखिर स्थानांतरण किए जाने के बाद उसे स्थगित किए जाने के पीछे क्या गहरा राज छिपा हुआ है यह जांच का विषय है। कई वर्षों से पश्चिम शरीरा पावर हाउस में तैनात अवर अभियंताचंद्रिका मौर्य का पश्चिम सरीरा से आखिर क्या लगाव है जिसके चलते उनका मोहभंग पश्चिम सरीरा से नहीं हो रहा है यह जन-जन की जुबान पर है इसी मोह के चलते अवर अभियंता पावर हाउस पश्चिम शरीरा नहीं छोड़ना चाहते है बार-बार स्थानांतरण आदेश के बाद उसे रुकवाने में अवर अभियंता कामयाब हो रहे हैं इलाके में अवर अभियंता के आतंक से विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं एक लाइनमैन के सहारे पूरे दिन इलाके में अवैध वसूली होती है ड्यूटी छोड़कर दिन के समय भी साहब कमरे में आराम फरमाते हैं उनका चहेता लाइन मैन उपभोक्ताओं से जांच के नाम पर अवैध वसूली में मशगूल दिखाई पड़ता है लेकिन लाइनमैन के अवैध वसूली पर साहब रोक लगाने की जुर्रत नहीं कर पाते हैं क्योंकि गृह मंत्री की फटकार के बाद अवर अभियंता की घिग्घी बन्ध जाती है।

# मंझनपुर कोतवाल ने पुलिस फोर्स के साथ किया कस्बे में पैदल गश्त

**अखंड भारत संदेश**



गस्त करते मंझनपुर कोतवाल

**कौशांबी।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह कोतवाली की पुलिस फोर्स के साथ प्रति दिन कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले और गांव क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास करा रहे हैं शाम होते ही मंझनपुर कोतवाली पुलिस पैदल गस्त पर निकल जाती है और कई किलोमीटर तक पैदल गस्त कर मंझनपुर पुलिस लोगों को सुरक्षा का एहसास कराती है मंझनपुर कोतवाल का कहना है कि पुलिस उनके हर सुख दुख में साथ खड़ी है। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने मंझनपुर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में पैदल भ्रमण किया इस दौरान उन्होंने यातायात के नियमों का पालन करने का लोगों को निर्देश दिया सड़क और पटरियों पर अवैध वाहनों को खड़ा करने वालो को कठोर चेतावनी दी है साथ ही उन्होंने कहा कि पटरियों को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए उन्होंने कहा कि वाहनों को सड़क पर खड़ा करने से यातायात बाधित होता है जिससे वाहन चालक अपने वाहनों को सड़क पर ना खड़ा करें निर्धारित स्थान पर वाहन खड़ा करें वाहनों को सड़क के किनारे पार्किंग में ही खड़ा किया जाए इस दौरान उन्होंने कस्बे के मंझनपुर चौराहा होते हुए विभिन्न सड़कों गलियों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया वाहन चालकों को नियमों का पालन करने का निर्देश दिया।

# चार दुकानों में हुई चोरी, पुलिस कर रही जांच

**अखंड भारत संदेश**

## जनरल स्टोर मेडिकल स्टोर इलेक्ट्रॉनिक और बैटरी की दुकान से लाखों का माल उठा ले गए चोर



चोरी की घटनाओं की जांच करती पुलिस

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय चौराहे के पास स्थित जनरल स्टोर मेडिकल स्टोर इलेक्ट्रॉनिक और बैटरी की दुकान सहित 4 दुकानों से चोर नकदी सहित लाखों का माल समेट ले गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के अटसराय चौराहे के सबसे किनारे स्थित 4 दुकानों में चोरों ने बीती रात धावा मारा चोरों ने शटर के ताला तोड़कर कीमती सामान सहित नकदी उठा ले गए पीड़ित मनोज अग्रहरी के यहां जनरल स्टोर से 55 हजार की नकदी कपड़े ,सेबू की बैटरी की दुकान से एक इन्वर्टर व बैट्रा,16 हजार नकद, मनीष अग्रहरी की इलेक्ट्रॉनिक दुकान से दर्जनों मोबाइल, बिजली तार इलेक्ट्रॉनिक समान सहित नकदी,अरविंद पाल के मेडिकल स्टोर से 9 हजार की नकदी व कुछ दवाएं आदि चोरी कर चोर फरार हो गए हैं सुबह सूचना पर सैनी कोतवाली पुलिस व 112 पुलिस ने मौके पर जांच की है एवम चोरों की तलाश में जुट गए हैं।

# सांड से भिड़े बाइक सवार एक युवक की मौत 2 गम्भीर घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** जिले में आवारा गोवंश से कई लोग टकराकर काल कवलित हो चुके हैं उसी कड़ी में तीन नवयुवक बाइक से कहीं जा रहे थे जिनकी गोवंश से टकराने से दर्दनाक हादसा हो गया जिसमे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो युवकों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार करन सिंह उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्र सुकरू निवासी बड़नपुर घटमापुर थाना पैंसा के साथ एक ही बाइक से राजन,रंगनाथ तीनों युवक शुक्रवार की देर रात्रि मंझनपुर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार महमद पुर मंझनपुर के पास पहुंचे सामने ही एक आवारा गौवंश से टकरा गए जिसमे करन सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि राजन और रंगनाथ गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ स्थानीय पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है पोस्टमार्टम से शव वापस घर पहुंच गया जहां परिवार में कोहराम मचा है परिजनों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# खाली कराया जाए खलिहान और तालाबी भूमि

**अखंड भारत संदेश**




अवैध अतिक्रमण की शिकायत लेकर तहसील पहुंचे ग्रामीण

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के रकसौली गांव के कई दर्जन ग्रामीण मंझनपुर तहसील के समाधान दिवस में पहुंचे और समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के खलिहान और तालाबी भूमि पर 4 दर्जन दबंगों ने कब्जा कर लिया है ग्रामीणों ने बताया कि अवैध कब्जा हटाने के नाम पर गांव के गरीब लोगों की झोपड़पट्टी को हटा दिया गया है लेकिन तालाब और खलिहान की भूमि पर बने दर्जनों पक्के घरों पर तहसील प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की है ग्रामीणों का कहना है कि तहसील प्रशासन अवैध कब्जे हटाने के मामले में पक्षपात कर रहा है इसके पहले भी तमाम ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिला अधिकारी कार्यालय में शिकायत पत्र देकर तालाब और खलिहान की भूमि पर अवैध तरीके से बनाए गए चार दर्जन पक्के घरों को हटाने की मांग की थी लेकिन उसके बाद भी तालाब और खलिहान की भूमि पर बने चार दर्जन अवैध पक्के मकान नहीं हटाए गए हैं ग्रामीणों का कहना है कि तालाब और खलिहान की भूमि पर बने अवैध पक्के मकानों को बुलडोजर लगाकर गिराने में लेखपाल सहित तहसील के अन्य जिम्मेदार व्यवधान डाल रहे हैं जिससे योगी सरकार के निर्देश का पालन नहीं हो रहा है तहसील पहुंचे ग्रामीणों में महारानिया देवी सितली कमलेश कुमार पूजा शांति देवी रमेश मालती देवी उर्मिला देवी रामकली राबिया बुधिया रामसखी रामनरेश मोहनिया लता देवी तितली रसिया सुरेश कुमार सहित तमाम महिला-पुरुष मौजूद रहे।

## संपादकीय

# बीज संग्रहण पर ध्यान देने की जरूरत

**मई** का महीना चल रहा है, आजकल भीषण गर्मी पड़ रही है। हालांकि बीच में एकाध दिन तापमान से थोड़ी राहत जरूर मिली लेकिन अब कुछ राहत के बाद, उन्नीस मई को पूरे पश्चिमोत्तर भारत में तापमान फिर से बढ़ गया है और राजस्थान के बाड़मेर जिले में 47.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो देश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान है। धरती से आसमान तक तप रहा है। भीषण गर्मी से मानव से लेकर पशु-पक्षी तक व्याकुल हैं। सभी को बरसात की दरकार है। भीषण गर्मी में कोई बरसात के लिए मिन्नतें मांग रहा है तो कोई हरियाली को लेकर बात कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण की बातें आदमी को तभी याद आती हैं जब उसे पर्यावरण में कमियां महसूस होने लगती हैं। आदमी चाहे तो पर्यावरण के लिए बहुत कुछ कर सकता है और यदि न चाहे तो कुछ भी नहीं। वो कहते हैं न कि जहाँ चाह है, वहीं राह है। गर्मी में बरसात जीव-जंतुओं, मनुष्य के लिए वरदान है। जून के अंत में तथा जुलाई के प्रथम सप्ताह से बरसात का महीना शुरू हो जाता है जो कि अमूमन सितंबर तक जारी रहता है। मई के महीने में भी कई बार मानसून के कारण हल्की फुल्की बारिश हो जाती है। थोड़े समय बाद हमारे यहाँ बरसात का समय आने वाला है। बरसात आने से पहले हम प्रकृति के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम सभी यह प्रण करें कि इस बरसात में हम ज्यादा से ज्यादा फल-फूल, साग सब्जियों के बीजों का रोपण करेंगे और हमारी धरती, हमारे पर्यावरण को हरा भरा बनायेंगे। बरसात के सीजन से पहले ही हमें यह चाहिए कि हम प्रकृति के लिए तैयारियां करें। हमें यह चाहिए कि हम अभी से अपने घरों में विभिन्न साग-सब्जियों, फलों व विभिन्न प्रकार के बीजों का संग्रह करें ताकि बरसात आने पर हम इन बीजों का रोपण कर सकें। अमूमन हम लोग प्रकृति का जरा भी ख्याल नहीं रखते और घरों में उपलब्ध होने वाले बीजों जो कि हमें शाक-सब्जियों,फलों से मिल सकते हैं, उन्हें हम एकत्रित नहीं करते,बल्कि यूं ही कचरे में फेंक देते हैं। यदि हम प्रकृति का संरक्षण, उसकी रक्षा करना चाहते हैं तो हमें बरसात के सीजन में बहुत सारे बीजों की जरूरत होगी जोकि हर घर से इकट्ठे किए जा सकते हैं। हम घरों में इन दिनों आम, पपीता, संतरा, जामुन, जाम, आंवला, कबीट, बैल, बैर, शहतूत, इमली, फालसा, चीकू और तमाम तरह के फल-सब्जियां खाते हैं, लेकिन कभी भी बीज संग्रहण पर ध्यान नहीं देते। इस संबंध में यदि हम थोड़ी सी भी मेहनत करें, प्रकृति का ध्यान रखें और यदि इन बीजों को कचरे में न फेंकते हुए धूप में सुखाने को रख दें तो बरसात के सीजन में हम इनको बखूबी इस्तेमाल कर सकते हैं।

# मानव अस्तित्व के लिए जैव विविधता आवश्यक

**चेतनादित्य आलोक**

बाघ अब नये-नये गलियारे स्वयं ही ढूंढने लगे हैं। उत्तराखंड वन विभाग के अनुसार तो हैडाखान के अतिरिक्त यहां पिथौरागढ़ के अस्कोट एवं केदारनाथ में भी बाघों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। वन्य जीव विशेषज्ञों के अनुसार अब पहाड़ों पर स्थित जंगलों में पलायन करने वाले बाघ अपने नये आश्रय बनाने लगे हैं। हालांकि हमारे देश में जैव विविधता की सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए केन्द्र सरकार की ओर से अनेक प्रकार के सकारात्मक प्रयास किये जाते रहे है, परंतु कीट-पतंगों से लेकर मछलियों तथा बाघों तक एवं फूलों के पौधों से लेकर खाद्य फसलों तक जैव विविधता पर संकट के बादल तो मंडरा ही रहे हैं

**हम** बचपन से ही सुनते आ रहे हैं कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, परन्तु आज हमें बच्चों को यह बताने की आवश्यकता है कि इस सृष्टि में पाये जाने वाले प्रायः सभी चर-अचर प्राणियों यानी विविधतापूर्ण जैव-परंपरा के तमाम जीवों में एक नैसर्गिक संबंध होता है... उनकी एक-दूसरे के ऊपर पारस्परिक निर्भरता होती है, क्योंकि ये सभी आपस में एक-दूसरे की तमाम आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करते हैं। इसलिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति तो यही होगी कि सृष्टि के सभी प्राणी आपसी तालमेल के साथ जीवन यापन करें, क्योंकि यदि उनके बीच का यह संबंध... यह पारस्परिक निर्भरता किसी कारणवश बाधित हो जाये तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ने लगता है, जिसके परिणामस्वरूप संपूर्ण मानव जाति को ही नहीं, बल्कि पूरी सृष्टि... संपूर्ण जैव-परंपरा के सभी चर-अचर प्राणियों को जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण प्रदूषण सहित अनेक प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं एवं विपत्तियों का सामना करना पड़ता है, जिसकी झलक आजकल अक्सर ही विश्व के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में देखने के लिए मिलती रहती है।
तात्पर्य यह कि सृष्टि में मौजूद जैव विविधता की छतरी अब कमजोर होने लगी है।

अतः इस संपूर्ण सृष्टि में पाये जाने वाले प्रायः सभी चर-अचर प्राणियों के बीच के नैसर्गिक संबंध... उनके मध्य कायम पारस्परिक निर्भरता को पूर्ववत एवं प्राकृतिक रूप में अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए अब हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता है। एक अनुमान के अनुसार विश्व के लगभग एक तिहाई फसल उत्पादन में परागणकर्ता (पोलिनेटर) जैसे पक्षी, मधुमक्खी और अन्य कीड़े-मकोड़े अत्यंत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी प्रकार सूक्ष्म जीव मृदा में पोषक तत्वों की वृद्धि में सहायक होते हैं, जबकि हमारे विराट जलाशयों यानी समुद्रों और महासागरों में मछलियां एवं अन्य समुद्री जीव लगभग एक अरब लोगों के लिए प्रोटीन का मुख्य स्रोत हैं। इसलिए अब हमें यह कड़वा सत्य स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि यदि हम जैव विविधता को बचाकर रखेंगे तभी स्वयं भी सुरक्षित रह सकेंगे।
जैव विविधता से संबंधित इन्हीं तमाम



मुद्दों पर जन-जागृति फैलाने के उद्देश्य से विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का आयोजन किया जाता है। दरअसल, 20 दिसम्बर सन 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित एक प्रस्ताव के बाद इसके आयोजन की शुरूआत हुई, जिसमें कुल 193 देशों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर करके जैव विविधता के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया था। वहीं भारत में 2002 में निर्मित जैव विविधता अधिनियम के तहत केंद्र सरकार ने 2003 में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (एनबीए) का गठन किया, जो कि एक विधायी संस्था है, जिसका मुख्यालय चेन्नई में स्थित है। सर्वाधिक पुराने फिशरीज एक्ट 1897 से लेकर राष्ट्रीय हरित पंचाट अधिनियम (एनजीटी) 2010 तक वन, पर्यावरण, कृषि, समुद्री जीव, वन्यजीव संरक्षण, चाय, कॉफी, खनन, प्रदूषण आदि से जुड़े कुल 36 कानून और अधिनियम जैव विविधता के दायरे में आते हैं।
एनबीए के अनुसार हमारा देश विश्व के 17 सबसे अधिक जैव विविधता वाले देशों में से एक है। उल्लेखनीय है कि यहां विश्व के कुल भू-भाग का लगभग ढाई प्रतिशत हिस्सा मौजूद है, जिस पर विश्व की 07-08 प्रतिशत प्रजातियां पायी जाती हैं। बॉटैनिकल सर्वे ऑफ इंडिया एवं जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा अब तक देश में 46 हजार से अधिक पौधों और 81 हजार प्रजातियों के जानवरों को रिकॉर्ड किया गया है। इसी प्रकार अनेक जंगली एवं पालतू घरेलू पशुओं तथा मछलियों की प्रजातियों के अतिरिक्त करोड़ों माइक्रोबियल विविधता, कीड़े एवं अन्य प्रजातियां भी यहां मौजूद हैं। वहीं विश्व के अन्य देशों की अपेक्षा भारत की पारिस्थितिक विविधता भी अनूठी है। भारत की संपन्न जैव विविधता का अनुमान इस बात से भी लगाया जा सकता है कि विश्व के समस्त स्तनपायी (मैमल) जीवों का साढ़े सात प्रतिशत हिस्सा अकेले भारत में ही मौजूद है। इसी प्रकार विश्व भर में उपलब्ध पक्षियों (एवियन) का साढ़े 12 प्रतिशत, सरीसृपों (रेपटाइल) का 06 प्रतिशत, उभयचरों (एम्फीबियन्स) का साढ़े चार प्रतिशत, मछलियों का लगभग 12 प्रतिशत और फूलदार पौधों का छह प्रतिशत भाग हमारे देश में पाया जाता है। पक्षियों के मामले में भारत की वैश्विक रैकिंग 10वीं है, जिसमें 69 प्रजातियां हैं, जबकि सरीसृपों में 156 प्रजातियों के साथ यह रैकिंग पांचवी है और उभयचरों के मामले में 110 प्रजातियों के साथ हमारी रैकिंग सातवीं है।
भारत सरकार की ओर से संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में दिसंबर 2018 में प्रस्तुत छठी राष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार भारत में वन्य जीवों की 900 से भी अधिक दुर्लभ प्रजातियां लुप्तप्राय एवं संकटग्रस्त श्रेणियों में शामिल हैं। प्रदूषण मुक्त सांसें नामक पुस्तक में संकटग्रस्त एवं लुप्तप्राय वन्य जीवों की 1180 प्रजातियों का वर्णन चिंतित करने वाला है। वैसे एशियाई शेरों, दक्षिण अंडमान के माउंट हैरियट में पाये जाने वाले विशेष छछूंदरों, दलदली क्षेत्रों में पाये जाने वाले बारहसिंगा हिरण एवं मालाबार गंधबिलाव की स्थिति भी दयनीय है। मालाबार गंधबिलाव अब महज कुछ सैकड़ों की संख्या में मौजूद हैं। वहीं एशियाई शेर गुजरात के गिर वनों तक सिमट चुके हैं, जबकि बारहसिंगा हिरण अब देश के कुछ वनों में ही पाये जाते हैं। ऐसे ही कश्मीर में पाये जाने वाले हांगलुओं की संख्या भी अब कुछ सैकड़ों में ही सिमट चुकी है। इसी प्रकार देश में पाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के वनस्पतियों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है।
इंटरनैशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की बात मानें तो भारत में पायी जाने वाली फूलों की 15 हजार प्रजातियों में से डेढ़ हजार प्रजातियां आज लुप्तप्राय हो चुकी हैं, जबकि पौधों की लगभग 46 हजार प्रजातियों में से 1336 प्रजातियां भी अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। इनके अतिरिक्त वन्य जीवों पर मंडरा रहे खतरों के संदर्भ में यदि बाघों की बात की जाये तो आंकड़ों के अनुसार बाघों की संख्या में हालांकि वृद्धि तो हुई है, लेकिन उनकी हत्याओं का दौर अभी समाप्त नहीं हुआ है और न ही उनके आश्रय-स्थलों में बढ़ते मानवीय घुसपैठ पर रोक लग पायी है।

यही कारण है कि बाघ अब नये-नये गलियारे स्वयं ही ढूंढने लगे हैं। उत्तराखंड वन विभाग के अनुसार तो हैडाखान के अतिरिक्त यहां पिथौरागढ़ के अस्कोट एवं केदारनाथ में भी बाघों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। वन्य जीव विशेषज्ञों के अनुसार अब पहाड़ों पर स्थित जंगलों में पलायन करने वाले बाघ अपने नये आश्रय बनाने लगे हैं। हालांकि हमारे देश में जैव विविधता की सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए केन्द्र सरकार की ओर से अनेक प्रकार के सकारात्मक प्रयास किये जाते रहे है, परंतु कीट-पतंगों से लेकर मछलियों तथा बाघों तक एवं फूलों के पौधों से लेकर खाद्य फसलों तक जैव विविधता पर संकट के बादल तो मंडरा ही रहे हैं, जिसका सबसे बड़ा कारण आज जलवायु परिवर्तन बना हुआ है।

# टूटते संबंध, बढ़ता अवसाद

**डॉ. सौरभ मालवीय**

मनुष्य जिस तीव्र गति से उन्नति कर रहा है, उसी गति से उसके संबंध पीछे छूटते जा रहे हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं की बढ़ती इच्छाओं के कारण संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। माता-पिता बड़ी लगन से अपने बच्चों का पालन-पोषण करते हैं। उन्हें उच्च शिक्षा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। परिवार में लड़कियां हैं, तो वे विवाह के पश्चात ससुराल चली जाती हैं और लड़के नौकरी की खोज में बड़े शहरों में चले जाते हैं। इस प्रकार वृद्धावस्था में माता-पिता अकेले रह जाते हैं। इसी प्रकार शहरों में उनके बेटे भी अकेले हो जाते हैं। संयुक्त परिवार टूटने के कारण एकल परिवार बढ़ते जा रहे हैं। एकल परिवारों के कारण संबंध टूट रहे हैं। संयुक्त परिवारों में बहुत से रिश्ते होते थे। दादा-दादी, ताया-ताई, चाचा-चाची, बुआ-फूफा, नाना-नानी, मामा-मामी, मौसी-मौसा तथा उनके बच्चे अर्थात बहुत से भाई-बहन। बच्चे बचपन से ही इन सभी संबंधों को जानते थे, परन्तु अब एकल परिवारों में माता-पिता और उनके दो या एक बच्चे ही हैं। संयुक्त परिवार टूटने के अनेक कारण हैं। रोजगार के अतिरिक्त परिवार के सदस्यों में बढ़ते मतभेद, कटुता एवं स्वार्थ आदि के कारण भी एकल परिवार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में व्यक्ति नितांत अकेला पड़ता जा रहा है। संयुक्त परिवार में समस्याएं सांझी होती थीं। व्यक्ति किसी कठिनाई या समस्या होने पर परिवार के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श कर लेता था। इस प्रकार उसे समस्या का समाधान घर में ही मिल जाता था। संयुक्त परिवार के बहुत से लाभ हैं। परिवार के प्रत्येक सदस्य की सुरक्षा का दायित्व सबका होता है। किसी भी सदस्य की समस्या पूरे परिवार की होती है। यदि किसी को पैसे आदि की आवश्यकता है, तो पैसे बाहर किसी से मांगने नहीं पड़ते। परिवार के सदस्य ही मिलजुल कर सहयोग कर देते हैं। परिवार में सदस्यों की संख्या अधिक होने के कारण घर और बाहर के कार्यों का विभाजन हो जाता है। प्रत्येक सदस्य अपनी योग्यता और क्षमता के अनुसार कार्य कर लेता है तथा अन्य कार्यों से मुक्त रहता है। ऐसे में उसे अपने लिए पर्याप्त समय मिल जाता है। इसके अतिरिक्त संयुक्त परिवार में रसोई एक होने के कारण खर्च भी कम हो जाता है। उदाहरण के लिए दो या तीन एकल परिवार यदि संयुक्त परिवार के रूप में रहते हैं, तो उन्हें अधिक सामान की आवश्यकता होगी। थोक में अधिक सामान लेने पर वह सस्ता पड़ता है। इसी प्रकार तीन के बजाय एक ही फ्रिज से काम चल जाता है। ऐसी ही और भी चीजें हैं। परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने पर उसकी ठीक से देखभाल हो जाती है। परिवार के सदस्य साथ रहते हैं, तो उनमें भावनात्मक लगाव भी बना रहता है। इसके अतिरिक्त बच्चों का पालन-पोषण भी भली-भांति आसानी से हो जाता है। उनमें अच्छे संस्कार पैदा होते हैं। वे यह भी सीख जाते हैं कि किस व्यक्ति के साथ किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए। इसमें बड़ों का सम्मान करना, अपनी आयु के लोगों के साथ मित्रवत व्यवहार करना तथा छोटों से स्नेह रखना आदि सम्मिलित हैं। आज परिस्थितियां पृथक हैं। मनुष्य किसी भी कठिनाई या किसी संकट के समय स्वयं को अकेला ही पाता है। यदि परिवार में महिला का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, तो तब भी उसे घर का सारा कार्य स्वयं करना पड़ता है, जबकि संयुक्त परिवार में अन्य महिलाएं होने के कारण उसे आराम करने का समय मिल जाता था। साथ ही उसकी भी उचित प्रकार से देखभाल भी हो जाती थी। एकल परिवार में अकेले पड़ जाने के कारण व्यक्ति अवसाद का शिकार हो जाता है। अवसाद एक मानसिक रोग है। इस अवस्था में व्यक्ति स्वयं को निराश अनुभव करता है। वह स्वयं को अत्यधिक लाचार समझने लगता है। ऐसी स्थिति में प्रसन्नता एवं आशा उसे व्यर्थ लगती है। वे अपने आप में गूम रहने लगता है। वह किसी से बात करना पसंद नहीं करता। हर समय चिड़चिड़ा रहता है। यदि कोई उससे बात करने का प्रयास करता है, तो वे क्रोधित हो जाता है। कभी वह उसके साथ असभ्य अथवा उग्र व्यवहार भी करता है। मनोचिकित्सकों के अनुसार अवसाद के भौतिक कारण भी होते हैं, जिनमें आनुवांशिकता, कुपोषण, गंभीर रोग, नशा, कार्य का बोझ, अप्रिय स्थितियां आदि प्रमुख हैं। अवसाद की अधिकता होने पर व्यक्ति आत्महत्या तक कर लेता है। अवसाद के कारण आत्महत्या करने के अप्रिय समाचार सुनने को मिलते रहते हैं। ऐसे विचलित करने वाले समाचार भी मिलते हैं कि अमुक व्यक्ति ने सपरिवार आत्महत्या कर ली या परिवार के सदस्यों की हत्या करने के पश्चात स्वयं भी आत्महत्या कर ली। कोरोना काल में जहां संयुक्त परिवारों के लोग एक-दूसरे के साथ मिलजुल कर रहे, वहीं एकल परिवारों के लोग अवसाद का शिकार होने लगे। द लैंसेट पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार कोरोना वायरस संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों में अवसाद एवं घबराहट की शिकायतें देखने को मिल रही है। सात दिन या उससे अधिक समय तक कोरोना वायरस संक्रमण से पीड़ित रहे लोगों में अवसाद एवं घबराहट की दर उन लोगों की तुलना में अधिक थी, जो संक्रमित रोगी कभी अस्पताल में भर्ती नहीं हुए अर्थात वे अपने परिजनों के मध्य ही रहे। रिपोर्ट के अनुसार सार्स-कोव-2 संक्रमण वाले ऐसे रोगी जो अस्पताल में भर्ती हुए उनमें 16 महीने तक अवसाद के लक्षण देखे गए। परन्तु जिन रोगियों को अस्पताल में भर्ती नहीं होना पड़ा, उनमें अवसाद और घबराहट के लक्षण दो महीने के भीतर ही कम हो गए। सात दिनों या उससे अधिक समय तक बिस्तर पर रहने वाले लोगों में 16 महीने तक अवसाद और घबराहट की समस्या 50 से 60 प्रतिशत अधिक थी। मनोचिकित्सकों के अनुसार अवसाद से निकलने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति अपने परिजनों एवं मित्रों के साथ समय व्यतीत करे। किसी भी समस्या या संकट के समय परिजनों से बात करे।

## चिंतन

# प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर बहस

**डॉ. श्रीनाथ सहाय**

देश में इस वक्त ज्ञानवापी मामले की चर्चा सबसे ज्यादा हो रही है। वाराणसी कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इससे जुड़े मामलों पर सुनवाई कर रहे हैं। इन सुनवाइयों में 1991 का पूजा स्थल कानून सबसे ज्यादा चर्चा में है। सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम पक्ष की ओर से दायर याचिका में वाराणसी कोर्ट के आदेश को पूजा स्थल कानून, 1991 का उल्लंघन बताया गया है। इस कूनन की विरोधाभासी व्याख्या की जा रही है। ज्ञानवापी परिसर के संदर्भ में यह कानून बेहद महत्त्वपूर्ण है। याचिकाकर्ता ने पूजा स्थल अधिनियम 1991 की धारा दो, तीन और चार की संवैधानिक वैद्यता को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता का कहना है कि ये तीनों धाराएं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,15, 21, 25, 26 और 29 का उल्लंघन करती हैं। याचिका के मुताबिक ये सभी हमारे संविधान की मूल भावना और प्रस्तावना के खिलाफ हैं। आखिर ये पूजा स्थल कानून-1991 क्या है? उस समय इसे लागू करने की जरूरत क्यों पड़ी? इस कानून को सुप्रीम कोर्ट में किस आधार पर चुनौती दी गई है? क्या ये याचिका ही काशी और मथुरा जैसे विवादों का रास्ता खोलने वाली याचिका बनी है? कितने धार्मिक स्थल हैं जिनके बारे में दावा है कि वो मंदिर तोड़कर बने हैं? मुस्लिम पक्ष के नेता, प्रवक्ता और मौलाना-मौलवी एक ही सुर में दलीलें दे रहे हैं कि ज्ञानवापी परिसर का सर्वे करा और कथित शिवलिंग की विशेष सुरक्षा करा निचली अदालत ने 1991 के कानून का उल्लंघन किया है। दूसरी तरफ भाजपा और हिंदू पक्ष का स्पष्टीकरण है कि उक्त कानून की संवैधानिक वैधता सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है, लिहाजा इस कानून की दलीलें देना गलत है। चूंकि 1991 का कानून संसद और भारत सरकार के जरिए पारित किया गया है, लिहाजा वह आज भी लागू कानून है। 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने पूजा स्थल कानून लेकर आई थी। यह वो समय था, जब रामजन्मभूमि आंदोलन अपने चरम पर था। अयोध्या में बाबरी मस्जिद के साथ ही उन तमाम मस्जिदों को परिवर्तित करने की मांग उठने लगी जहां पूर्व में मंदिर रहे थे। ऐसे समय में नरसिंह राव की सरकार ने सांप्रदायिक उन्माद को शांत करने के लिए एक कानून बनाना आवश्यक समझा और वह कानून था, प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट, या उपासना स्थल अधिनियम। यह भी जानना जरूरी है कि कांग्रेस ने 1991 के अपने चुनावी घोषणापत्र में ऐसे कानून को लाने की बात पहले ही कर दी थी। अधिनियम के बिल को बहस के लिए संसद के मानसून सत्र में प्रस्तुत किया गया। तत्कालीन गृह मंत्री, शंकरराव चव्हाण ने 10 सितंबर 1991 में लोकसभा में बहस के दौरान इस बिल को भारत के प्रेम, शांति और आपसी भाईचारे के महान संस्कारों का एक सूचक बताया और कहा कि ह्यसभी धर्मों के प्रति सहिष्णुता हमारी महान सभ्यता का चरित्र है। इस कानून के मुताबिक 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो उसे एक से तीन साल तक की जेल और जुमार्ना हो सकता है। अयोध्या का मामला उस वक्त कोर्ट में था इसलिए उसे इस कानून से अलग रखा गया था। जुलाई 1991 में जब केंद्र सरकार ये कानून लेकर आई थी तब भी संसद में भाजपा ने इसका विरोध किया था। उस वक्त राज्यसभा में अरुण जेटली और लोकसभा में उमा भारती ने इस मामले को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की मांग की थी। अयोध्या मामले का फैसला आने के बाद एक बार फिर काशी और मथुरा सहित देशभर के करीब 100 पूजा स्थलों पर मंदिर की जमीन होने को लेकर दावेदारी की जा रही है, लेकिन 1991 के कानून के चलते दावा करने वाले कोर्ट नहीं जा सकते। ज्ञानवापी में इसी कानून के उल्लंघन की बात मुस्लिम पक्ष कह रहा है। इस कानून की धारा-दो कहती है कि अगर 15 अगस्त 1947 मौजूद किसी धार्मिक स्थल के चरित्र में बदलाव को लेकर कोई याचिका या अन्य कार्यवाही किसी अदालत, न्यायाधिकरण या अन्य प्राधिकरण में लंबित है, तो उसे बंद कर दिया जाएगा।

# बाधित प्रतिमा या यंत्र निगेटिव ऊर्जा निःसृत करते हैं

**डॉ. महेन्द्रकुमार जैन**

हम मंदिर बनाते हैं खास तौर पर जैन मंदिर तो उसकी एक ही वेदी पर अनेकों प्रतिमाएँ विराजमान कर देते हैं। यदि मंदिर की वेदी पर अधिक स्थान नहीं होता है तो सबसे बड़ी प्रतिमा के आगे कुछ छोटी प्रतिमा, उससे आगे और छोटी इस तरह से एक-एक प्रतिमा के आगे एकाधिक प्रतिमाएँ स्थापित कर देते हैं। तिस पर कुछ यंत्र होते हैं तो वे भी रख देते हैं। अधिक यंत्र हुए तो एक साथ दो-तीन यंत्र रख देते हैं। इसी तरह गृहमंदिर अर्थात निवास के पूजा घर में तो किसी-किसी के यहाँ विकट स्थिति हमने देखी है कि जिस जानकार के यहाँ वह गये उसने बताया ये यंत्र ऋद्धि-वृद्धि का है, वह ले लिया, किसी ने कहा यह मुकदमा जीतने का है, वह रख लिया, किसी ने वास्तु दोष निवारण का दिया वह रख लिया। एक ही पूजाघर में दर्जनों यंत्र एक के आगे एक, कोई तिरछा, कोई टेढ़ा कोई किसी दिशा की ओर, कोई किसी दिशा की ओर। लोग कई यंत्र यह सोचकर रख लेते हैं कि कोई न कोई तो अच्छा काम करेगा। लेकिन लोग यह नहीं जानते कि यदि दो पॉजिटिव अर्थात सकारात्मक ऊर्जा टकराएँ या बाधित हों तो उनसे निगेटिव अर्थात नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। बहुत से लोग तो अनजाने में ऐसे यंत्र पूजा घर में रख लेते हैं कि उनके कारण अन्य पॉजिटिव ऊर्जा भी निःसृत नहीं हो पाती है। ऐसे अनेक व्यक्तियों के पूजाघरों के यंत्रों और मूर्तियों में हमने डाउजिंग (निगेटिव-पॉजिटिव ऊर्जा मापने का तांबे कीं एल टाईप मुड़ी हुई 2 छड़ें) से उनकी ऊर्जा दिखाई है। यदि एक के ऊपर एक रखे अथवा आमने-सामने रखे यंत्रों की ऊर्जा देखी तो निगेटिव थी और उन्हीं यंत्रों की बाधा हटाकर सीधे सही दिशा में रखे तो उन यंत्रों से पॉजिटिव ऊर्जा दर्शित होने-निःसृत होने लगी।

इसी तरह मंदिर की वेदी पर एकधिक प्रतिमाएँ रखें उससे कोई हानि नहीं है, किन्तु यदि किसी देव-प्रतिमा का थोड़ा सा भाग भी बाधित होता है- बाधित होने से तात्पर्य है यदि दर्शक उसके दर्शन करता है तो उसके आगे रखी किसी अन्य प्रतिमा, यंत्र, सिंहासन, प्रातिहार्य आदि के कारण वह प्रतिमा पूर्ण नहीं दिखती है तो वही समानुपातिक सर्वांग सुन्दर प्रतिमा निगेटिव ऊर्जा निसृत करती है, और आराधक की पूजा उसी तरह निष्फल हो जाती है जिस तरह खंडित प्रतिमा की पूजा करने पर। जिन विद्वान्, प्रतिष्ठाचार्यों को इस बात पर विश्वास न हो तो उन्हें अधिक मूर्तियों वाले मंदिर की वेदी पर ऊर्जा नाप कर देख लेना चाहिए, ज्ञात हो जायेगा। आपको अधिक कुछ नहीं करना है, बाधिक-अर्थात पूर्ण मूर्ति नहीं दिख रही हो उसकी ऊर्जा डाउजिंग से देख लें, फिर उसी मूर्ति की बाधा हटाकर अर्थात आगे जो अन्य सिंहासन या यंत्र आदि रखे हैं उन्हें किनारे करके अब पुनः उसी मूर्ति की ऊर्जा देखें, अब उस प्रतिमा में पॉजिटिव ऊर्जा मिलेगी।

हमारा कथन है कि अन्य मतों में तो एक मंदिर प्रायः एक ही देव का होता है, किन्तु जैन धर्मावलम्बियों के यहाँ एक ही वेदी पर सभी देवों-तीर्थंकरों की प्रतिमाएँ स्थापित करने की परम्परा है। केवल चौबीस तीर्थंकर नहीं, भूत, भविष्य, वर्तमान, 720, पंचमेरु, कृत्तिम-अकृत्तिम, सहस्त्रकूट आदि। इस तरह हजारों हजार प्रतिमाओं की अवधारणा है। फिर उनके परिकर भी। उत्साही उपासक, मंदिर-पदाधिकारी आदि एक वेदी से सभी प्रतिमाओं के दर्शन-पूजन का लाभ कराने की भावना रखते हैं, किन्तु अनजाने में कभी कभी उसके परिणाम उल्टे ही मिलते हैं। यही कारण है कि ऐसे उत्सही पदाधिकारियों द्वारा कितना ही सेवा भाव से कार्य किया जाता है, उन्हें आलेचना और अपयश ही मिलता है। स्वयं के पूजाघर में अव्यवस्थित मूर्ति-यंत्र आदि स्थापित करने, लौकिक देवी-देवताओं, पूर्वजों के चित्रों को ऊपर और पारलौकिक देवी-देवताओं के चित्र उनसे नीचे स्थापित करने से गृहस्वामी और गृहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः अपने आराधना स्थल अवश्य व्यवस्थित करना चाहिए।

# वहाँ पैदल ही जाना है...

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**सनम** रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है। न हाथी है, न घोड़ा है, वहाँ तो पैदल ही जाना है। इन पंक्तियों में जीवन का दर्शन छिपा है। इसके अनुसार हे मनुष्य! क्या होगा तुम्हारी बड़ी-बड़ी कोठियों, घोड़ा-गाड़ी, अकूत संपदा का? क्या तुम फुर्र से उड़ने वाले हवाई जहाज से ऊँचाई और आलीशान कार से चमचमाती सड़कों को नहीं नापना चाहोगे? चले थे मंगल ग्रह में घर बसाने! अब हालात यह है कि बचा-खुचा घर ठीक से संभला नहीं जा रहा है। बताओ तुमसे मिलने, तुम्हें छूने को कौन तैयार है? युगों-युगों तक जात-पात के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर, कभी ऊँच-नीच के नाम पर तो कभी रंग के नाम पर लोगों में भेदभाव करते रहे। उनसे दूरी बनाते रहे। अब कोरोना का किरौना तुम्हारे सभी भेदभावों की पुड़िया बनाकर तुम्हें किसी किरौने की भांति मसल रहा है। जानता हूँ हाई-फाई सोसायटी की चौड़ी सड़कों के दोनों ओर बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें तुम्हारी हैं। तुमने जमीनों के दाम इतने बढ़ा दिये कि गरीब एक छत के लिए मोहताज हो गया है। हजारों एकड़ जमीन दबोचकर बैठे हो, यह जानकर भी कि तुम्हें दफनाने के लिए सिर्फ दो गज जमीन की जरूरत है। पृथ्वी के उत्तरी-दक्षिणी ध्रुव जितनी दूरी वाली रेखा अमीरों और गरीबों के बीच बन पड़ी है। गरीब सिर्फ गरीब होने के लिए जी रहा है। जबकि अमीर और अमीर होने के लिए। जहरीली चिमनियों का धुआँ मालिकों के घर अमीरी का पर्दा तो गरीबों की जिंदगियों पर कफन बनता जा रहा है। हरियाली का गला घोंटकर कृत्रिम ऑक्सीजन का व्यापार किया जा रहा है। भोजन के नाम पर कैप्सूल, गोलियाँ, वैक्सिन और जल के रूप में ग्लुकोज का सेवन किया जा रहा है।

गौर से देखा जाए तो रुपया-पैसा खाया जा रहा है। आत्मीयता के नाम पर दूरियाँ बढ़ती जा रही हैं। किसी को किसी से मिलने की फुर्सत नहीं।

## सुपरबेट रैपिड शतरंज - अरोनियन को हरा विश्वनाथन आनंद एकल बढ़त पर कायम

**वारशा ,पोलैंड।** पहले दिन लगातार तीन जीत से खेल की शुरुआत करने वाले भारत के पाँच बार के विश्व चैम्पियन 52 वर्षीय विश्वनाथन आनंद नें सुपरबेट रैपिड शतरंज के दूसरे दिन भी अपना शानदार खेल जारी रखते हुए अपनी एकल बढ़त कायम रखी है ।




दूसरे दिन सबसे पहले आनंद नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए उक्रेन के किरिल सेवचेंकों को सिसिलियन पेलिकान में 38 चालों में पराजित किया तो अगले ही राउंड में काले मोहरो से यूएसए के लेवोन अरोनियन पर बिशप ओपनिंग में उन्होने मात्र 24 चालों में धमाकेदार जीत हासिल करते हुए उन्होने प्रतियोगिता में लगातार अपनी पाँचवीं जीत हासिल की । इसके बाद छठे राउंड मैं मेजबान पोलैंड के यान डूड़ा से फ्रेंच ओपनिंग में आनंद नें बाजी ड्रॉ खेली और फिलहाल वह 11अंको के साथ पहले स्थान पर चल रहे है जबकि हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट 9 अंको के साथ दूसरे स्थान पर चल रहे है । प्रतियोगिता के अंतिम दिन आनंद को रोमानिया के डेविड ,यूएसए के फबियानों करूआना और हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट से मुक़ाबला खेलेंगे ।

## चेन्नईयिन एफसी ने भारतीय मिडफील्डर अनिरुद्ध थापा का अनुबंध बढ़ाया

**चेन्नई** । दो बार के इंडियन सुपर लीग फुटबॉल चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने भारतीय मिडफील्डर अनिरुद्ध थापा का अनुबंध दो साल के लिए बढ़ा दिया है। इस करार के बाद 24 साल के थापा 2024 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। थापा 2016 से क्लब का हिस्सा हैं। चेन्नईयिन एफसी के साथ जुड़ने के बाद से ही देहरादून में जन्मा यह फुटबॉल टीम का अभिन्न हिस्सा रहा है। उन्होंने चेन्नईयिन की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। वह दो बार आईएसएल फाइनल खेलने वाली टीम का हिस्सा रहे और 2017-18 में उनकी मौजूदगी वाली चेन्नईयिन एफसी की टीम ने आईएसएल खिताब जीता।



## माजिया क्लब पर जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी गोकुलम केरला



**कोलकाता।** हाल में मजबूत टीम एटीके मोहन बागान पर दबदबे भरी जीत करने वाली दो बार की आई लीग चैम्पियन गोकुलम केरला एफसी शनिवार को यहां एएफसी कप में माजिया स्पोर्ट्स एवं रिक्रिएशन क्लब पर जीत दर्ज करके अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। केरल की टीम ने स्थानीय प्रबल दावेदार एटीके मोहन बागान पर 4-2 की जीत से ग्रुप डी में गोल अंतर से बसुंधरा किंग्स से आगे शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। ग्रुप डी से केवल दो शीर्ष टीमें ही अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल में जगह बनायेंगी। विसेंजो अलबर्टो एनेसे की कोचिंग वाली टीम तीन और अंक जुटाकर अपनी संभावनायें बढ़ाना चाहेगी। बांग्लादेश की बसुंधरा किंग्स से शुरूआती मुकाबले में 0-1 से मिली हार के बाद शनिवार को एक और हार माजिया की उम्मीद खत्म कर देगी। गोकुलम केरला एफसी से मिली हार के बाद एटीके मोहन बागान की लगातार अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद को करारा झटका लगा था। शनिवार को बसुंधरा किंग्स से हार का मतलब होगा कि जुआन फेरांडो की एटीके मोहन बागान टीम शुरू में ही बाहर हो जायेगी।

# 16 साल के प्रज्ञानानंद ने तीन महीने में दूसरी बार विश्व चैंपियन को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रांडमास्टर प्रज्ञानानंद रमेशप्रभु ने 2022 में विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन पर दूसरी जीत दर्ज की है। चेजबल मास्टर्स के पांचवें दौर में नार्वे के कार्लसन ने बड़ी गलती की और इसका फायदा उठाते हुए प्रज्ञानानंद ने उन्हें पटखनी दे दी। इस जीत के साथ ही ऑनलाइन रैपिड चेस टूर्नामेंट में प्रज्ञानानंद के नॉक आउट में पहुंचने की उम्मीदें बनी हुई हैं। तीन महीने में यह दूसरा मौका है, जब प्रज्ञानानंद ने कार्लसन को मात दी है। इससे पहले फरवरी के महीने में उन्होंने एयरथिंग्स मास्टर्स में विश्व चैंपियन कार्लसन को हराया था। यह उनकी कार्लसन पर पहली जीत थी। अब तीन महीने बाद उन्होंने फिर से इतिहास दोहराया है।

150 हजार अमेरिकी डॉलर (1.16 करोड़ रुपये) की इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के पांचवें दौर में प्रज्ञानानंद और कार्लसन के बीच भिड़ंत हुई। यह मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था, लेकिन 40वें मूव में कार्लसन ने बड़ी गलती की। उन्होंने अपने काले घोड़े को गलत जगह रख दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने उन्हें वापसी का मौका नहीं दिया और अचानक ही उन्हें हार का सामना करना पड़ा। कार्लसन की गलती के चलते मैच जीतने के बाद प्रज्ञानानंद ने कहा कि वो इस तरीके से मैच नहीं जीतना चाहते हैं।




**दूसरे नंबर पर हैं कार्लसन**

चेजबल मास्टर्स टूर्नामेंट का दूसरा दिन खत्म होने के बाद कार्लसन दूसरे स्थान पर हैं। चीन के वी यी इस टूर्नामेंट में पहले स्थान पर हैं। वहीं, प्रज्ञानानंद के पास 12 प्वाइंट्स हैं। दुनिया के सबसे छोटे ग्रांडमास्टर अभिमन्यू मिश्रा भी इस टूर्नामेंट का हिस्सा हैं, जिसमें 16 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**एयरथिंग्स मास्टर्स में पहली बार प्रज्ञानानंद से हारे थे कार्लसन**

एयरथिंग्स मास्टर्स के आठवें राउंड में भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व चैंपियन कार्लसन को हराया था। वो इस टूर्नामेंट के सबसे छोटे खिलाड़ी थे। कार्लसन ने भारतीय ग्रैंडमास्टर के सामने कई गलतियां की थी और अंत में मैच भी हार गए थे। इससे पहले ये दोनों खिलाड़ी तीन बार भिड़ चुके थे और तीनों बार कार्लसन जीते थे, लेकिन चौथे मैच में भारतीय खिलाड़ी ने जीत हासिल की थी। इसके बाद अप्रैल में हुए ओसलो इ स्पोर्ट्स कप में कार्लसन ने प्रज्ञानानंद को 3-0 से हराकर पिछली हार का बदला लिया था। अब प्रज्ञानानंद ने फिर जीत हासिल की है।

## सीएसके करीबी मैचों में जीतने के लिये अच्छा नहीं कर सकी : फ्लेमिंग

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग को लगता है कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में करीबी मैचों में जीत दर्ज करने के लिये अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से एक चार बार की चैम्पियन सीएसके का अभियान नौंवे स्थान पर समाप्त हुआ जिसमें टीम 14 मैचों में महज चार जीत ही दर्ज कर सकी। फ्लेमिंग ने राजस्थान रॉयल्स से सीएसके को मिली पांच विकेट की हार के बाद कहा, ''हमारे कई मैच ऐसे रहे जो करीबी थे लेकिन हम उनमें जीत दर्ज करने के लिये अच्छा नहीं कर सके। ''



उन्होंने कहा, ''इस सत्र में ऐसा ही रहा जिससे हम क्वालीफाई नहीं कर सके। '' उन्होंने साथ ही कहा कि टीम पिछले सत्र की तरह नहीं खेल सकी जिसमें कई नये खिलाड़ी भी थे।

फ्लेमिंग ने कहा, ''जब आप नये चक्र की शुरूआत करते हो तो आपके पास कई नये खिलाड़ी होते हैं और यह परीक्षा लेने वाला हो सकता है। '' उन्होंने कहा, ''हम पिछले चार वर्षों के प्रदर्शन को जारी नहीं रख सके जो सचमुच चुनौती थी। '' फ्लेमिंग को हालांकि लगता है कि इस सत्र का प्रदर्शन लीग के अगले चरण के लिये खिलाड़ियों के लिये उत्प्रेरक की तरह काम करेगा। उन्होंने कहा, ''हमारे पास फॉर्म में चल रहे कुछ खिलाड़ी नहीं थे जो हमें जीत दिला सकें और लय बनाये रखें। हमारे पास बेहतर करने का मौका था लेकिन सच्चाई यही है कि हम सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर सके और यह अगले साल के लिये उत्प्रेरक का काम करेगा। ''

## भारतीय टीम में अपने भविष्य पर शिखर धवन ने दिया बयान, बताया कब तक खेल सकते हैं

**मुंबई।** शिखर धवन भारत की एकदिवसीय टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं, लेकिन उनका मानना ??है कि उनके पास टी20 प्रारूप में अभी भी बहुत कुछ है, जहां उन्हें कम से कम अगले तीन वर्षों तक अपने खेल को जारी रखने की उम्मीद है। आईपीएल 2022 में एक गेम शेष रहने के साथ 36 वर्षीय ने पंजाब किंग्स के लिए 421 रन बनाए हैं।

धवन ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा कि हालांकि मैं टीम का अभिन्न अंग बना हुआ हूं, फिर भी मुझे लगता है कि मैं अपने अनुभव के कारण सबसे छोटे प्रारूप में योगदान दे सकता हूं। मैं टी20 फॉर्मेट में काफी अच्छा कर रहा हूं। मुझे जो भी भूमिका दी गई है मैंने उसे बखूबी निभाया है। मैं जिस प्रारूप में खेल रहा हूं उसमें निरंतरता बनाए रखने में कामयाब रहा हूं, चाहे वह आईपीएल हो या घरेलू स्तर पर और मैं इसका लुत्फ उठा रहा हूं। निरंतरता न केवल अर्धशतक या शतक बनाने के बारे में है, बल्कि



स्कोर के बीच भी अंतर बनाए रखने के बारे में है।

राहुल द्रविड़ को भारतीय टीम के लिए मुख्य कोच की जिम्मेदारी दिए जाने से पहले उन्हें शिखर धवन की अगुवाई वाली टीम में शामिल किया गया था, जो श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे में खेली थी। भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती जबकि वनडे श्रृंखला हार गए थे। लेकिन उन्होंने कहा कि वह भविष्य को लेकर सकारात्मक हैं और चयनकर्ताओं के निर्णय का इंतजार करेंगे।

भारतीय ओपनर ने कहा, मैं बहुत सकारात्मक व्यक्ति हूं। पिछले साल टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा था। टी20 विश्व कप के लिए उन्हें लगा कि (चुने गए) खिलाड़ी मुझसे बेहतर और निष्पक्ष हैं। चयनकर्ता जो भी निर्णय लेते हैं, मैं उसका सम्मान करता हूं। जीवन में ऐसा होता है। आप इसे स्वीकार करें और अपना काम करते रहें। मैं केवल उस पर ध्यान केंद्रित करता हूं जो मेरे नियंत्रण में है और मुझे मिलने वाले अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करता हूं।

## हॉकी : एशिया कप के लिए रवाना गत चैम्पियन भारत जकार्ता रवाना

**बेंगलुरू ।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बीरेंद्र लाकड़ा की अगुआई वाली भारतीय पुरूष हॉकी टीम अपने एशिया कप खिताब के बचाव के लिए जकार्ता रवाना हो गई। भारतीय टीम पूल ए में जापान, पाकिस्तान और मेजबान इंडोनेशिया से भिड़ेगी जबकि मलेशिया, कोरिया, ओमान और बांग्लादेश पूल बी में शामिल हैं। भारत अपने अभियान की शुरूआत सोमवार को भारत के खिलाफ करेगा।

लाकड़ा ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, 'यह टीम निश्चित रूप से उत्साहित है। एशिया कप काफी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है और हमारे कुछ खिलाड़ी पहली बार इस टूर्नामेंट का अनुभव करेंगे तो स्वभाविक है कि टीम में काफी उत्साह बना हुआ है।' उन्होंने कहा, 'भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरू केंद्र में हमारा शिविर काफी मुश्किल था और काफी फायदेमंद भी था। हमें प्रत्येक



खिलाड़ी की मजबूती के बारे में पता चला और हमने मैदान पर अपने संवाद में भी सुधार किया। सरदार (कोच) ने भी हमारी फिटनेस पर काफी जोर दिया।'

टीम की संभावना पर उन्होंने कहा, 'हम एक बार में एक मैच पर ही ध्यान देना चाहते हैं। निश्चित रूप से पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच से पहले काफी 'नर्वस' होंगे लेकिन हम अपने खेल पर ध्यान लगायेंगे।' भारत ने 2017 में बांग्लादेश के ढाका में हुए पिछले चरण में फाइनल में मलेशिया को हराकर खिताब जीता था।

## डीफ ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों से बात करेंगे प्रधानमंत्री मोदी, भारत के नाम 16 पदक

**नई दिल्ली।** डीफ ओलंपिक 2022 में देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बात करेंगे। इस बार भारत की तरफ से 65 खिलाड़ियों ने ब्राजील में आयोजित डीफ ओलंपिक में भाग लिया। डीफ ओलंपिक में यह भारत का सबसे बड़ा दल है। भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार कमाल करते हुए देश को कुल 16 पदक दिलाए, जिसमें आठ स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में भारत नौवें स्थान पर रहा।



भारत को पदक दिलाने वाले खिलाड़ियों में कई युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं। 17 साल की बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेया सिंघला ने भी भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। वो डीफ ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली पंजाब की पहली खिलाड़ी हैं। फाइनल में उन्होंन जापान की खिलाड़ी को मात देकर सोना अपने नाम किया।

**ओलंपिक से पहले खिलाड़ियों से मिले थे अनुराग ठाकुर**

27 अप्रैल को खिलाड़ियों को 24वें डीफ ओलंपिक में भेजने से पहले देश के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों के साथ खाना खाया था और इस दौरान सभी की हौसला अफजाई की थी। इस साल डीफ ओलंपिक में 72 देशों के 2267 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें 1521 पुरुष खिलाड़ी और 746 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इस बार कुल 11 खेलों का आयोजन हुआ।

इससे पहले डीफ ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1993 में रहा था, जब भारतीय खिलाड़ियों ने कुल सात पदक जीते थे। इसमें पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदक शामिल थे।

## फिर विवादों में घिरे सुनील गावस्कर, हेटमायर की पत्नी पर किया शर्मनाक कमेंट

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच के दौरान कमेंट्री कर रहे पूर्व भारतीय क्रिकेटर और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने राजस्थान के खिलाड़ी शिमरॉन हेटमायर की पत्नी निरवानी पर कमेंट किया जिसके बाद वह एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। उन्होंने कहा कि शिमरन हेटमायर की पत्नी ने डिलिवर कर दिया है। क्या हेटमायर अब राजस्थान के लिए डिलिवर करेंगे? ऐसे कमेंट के बाद गावस्कर की जमकर आलोचना हो रही है।

राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को खेले गए आईपीएल मुकाबले में 5 विकेट से जीत दर्ज करते हुए प्लेऑफ में जगह बनाई। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान के सामने 151 रन का लक्ष्य रखा। राजस्थान की बल्लेबाजी के दौरान टीम 4 विकेट गंवाकर 104 रन पर खेल रही थी। 15 ओवर चल रहा था और क्रीज पर राजस्थान के बल्लेबाज शिमरॉन हेटमायर उतरे। इस दौरान गावस्कर ने मजाकिया अंदाज में हेटमायर की पत्नी को लेकर भद्दा कमेंट कर दिया।



गावस्कर ने कमेंट्री करते हुए कहा, 'शिमरन हेटमायर की पत्नी ने डिलिवर कर दिया है. क्या हेटमायर अब राजस्थान के लिए डिलिवर करेंगे?' दरअसल, हेटमायर की पत्नी ने 10 मई को ही बच्चे को जन्म दिया है और हेटमायर अपने बच्चे के जन्म के दौरान वापस घर लौट गए थे और हाल ही में वापस लौटकर टीम के साथ जुड़े थे।

गौर हो कि इससे पहले कोहली के फॉर्म पर तंज कसते हुए कहा था कि विराट लॉकडाउन में अनुष्का की गेंदों पर प्रैक्टिस कर रहे थे। ऐसा उन्होंने एक वीडियो के एवज में कहा था जिसमें अनुष्का गेंदबाजी कर रही होती है और विराट बल्लेबाजी कर रहे होते हैं। तब भी काफी बवाल मचा था और इसके बाद गावस्कर ने सफाई देते हुए कहा था कि उनकी बात को तोड़-मरोड़ पर पेश किया गया था।


# जयसवाल का अर्धशतक, राजस्थान ने 5 विकेट से जीता मैच

**मुंबई** । राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच आईपीएल 2022 का 68वां मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। चेन्नई के कप्तान धोनी ने टॉस जीत लिया है और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया । चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मोईन अली की 97 रन की पारी के बदौलत राजस्थान को 20 ओवरों में 151 रन का लक्ष्य दिया। राजस्थान ने इस लक्ष्य को 5 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

**चेन्नई सुपर किंग्स (पहली पारी)**

पहले बल्लेबाजी के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम को रुतुराज गायकवाड़ के रूप में पहला झटका लगा। ट्रेंट बोल्ट ने पहले ही ओवर में गायकवाड़ को 2 रन पर आउट कर चलता किया।

चेन्नई को मोईन अली का सहारा मिला। इंग्लैंड के




ऑलराऊंडर ने महज 19 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और अपनी टीम को पावरप्ले में ही 75 रन तक पहुंचा दिया। गायकवाड़ के आऊट होने के बाद ड्वेन कॉनवे भी अश्विन की गेंद पर पगबाधा आऊट हो गए। कॉनवे ने 14 गेंदों में 16 रन बनाए।

कॉनवे के आऊट होने के बाद जगदीशन क्रीज पर आए लेकिन वह एक रन बनाकर चलते बने। चेन्नई को रायुडू से उम्मीदें थी लेकिन वह तीन रन बनाकर युजी चहल का शिकार हो गए।

धोनी ने क्रीज पर जमने में कुछ समय लिया लेकिन वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए दिखाई दिए। धोनी 28 गेंदों पर 26 रन बनाकर आउट हुए।

मैकॉय ने 20वें ओवर में मोईन अली को आउट करके टीम को बड़ी सफलता दिलाई। मोईन अली 93 रन बनाकर आउट हो गए। उनके पास शतक बनाने का अच्छा मौका था। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और 3 छक्के लगाए।

**राजस्थान रॉयल्स (दूसरी पारी)**

लक्ष्य का पीछा करने आई राजस्थान रॉयल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम को जोस बटलर के रूप में पहला झटका लगा। बटलर 2 रन बनाकर सिमरजीत सिंह का शिकार बने।

मिचेल सैंटनर ने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को आउट करके टीम को दूसरी सफलता दिलाई। सैमसन 15 रन बनाकर आउट हुए।

बल्लेबाजी के बाद मोईन अली ने गेंदबाजी में भी कमाल करके दिखाया। मोईन अली ने देवदत्त पडिक्कल को 3 रन पर आउट किया। यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक पूरा किया। लेकिन उसके बाद सोलंकी की गेंद पर मथीशा को कैच थमा बैठे। जायसवाल ने 59 रन बनाए। शिमरोन हेटमायर महज 6 रन बनाकर प्रशांत सोलंकी की गेंद पर कॉनवे को कैच थमा बैठे। अश्विन ने नाबाद 23 गेंदों पर 40 रन की पारी खेली और टीम को 5 विकेट से जीत दिलाई।

## विश्व चैंपियन बनने के बाद निकहत ने कहा- सपना था एक दिन ट्विटर पर ट्रेंड करूंगी, आज वह पूरा हो गया

**मुंबई** । विश्व चैंपियन बनने के बाद ट्विटर का जिक्र छिड़ते ही निकहत की जिज्ञासा एकदम से बढ़ जाती है, वह तपाक से उल्टा सवाल करती हैं कि क्या वह ट्विटर पर ट्रेंड कर रही हैं? जवाब हां में मिलने पर वह कहती हैं कि वह सपना देखा करती थीं कि एक न एक दिन ट्विटर पर जरूर ट्रेंड करेंगी, आज वह सपना पूरा हो गया है। निकहत की एक नहीं दो इच्छाएं पूरी हुई हैं एक ट्विटर पर ट्रेंड करने की दूसरी प्रधानमंत्री के बधाई संदेश की। निकहत को विश्वास नहीं हो रहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें ट्विटर पर बधाई दी है। निकहत ने पीएम के उत्साहवर्धन पर उन्हें धन्यवाद करते हुए कहा कि वह देश के लिए स्वर्ण जीतकर गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। यह सफर यहीं नहीं रुकेगा। निकहत का कहना है कि अब उनका लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीतने का है, लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में वह 50 भार वर्ग में खेलेंगी। हालांकि पेरिस के लिए उन्होंने तय नहीं किया है कि वह 50 में खेलेंगी या 54 भार वर्ग में। निजामाबाद (तेलंगाना) की 25 वर्षीय निकहत का कहना है कि पेरिस के लिए वह या तो 54 भार में जाएंगी या फिर 50 में, लेकिन उनका वजन 51.5-52 किलो रहता है। ऐसे में उन्हें वजन कम करने में आसानी होगी।

## शिकागो में गोलीबारी में दो की मौत, शंघाई में फिर मिले कोरोना मामले

**शिकागो।** अमेरिकी शहर शिकागो में हुई गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता टॉम अहर्न ने बताया कि 'नियर नॉर्थ साइड' में रात करीब 10:40 बजे यह गोलीबारी हुई। स्थानीय अखबार 'सन-टाइम्स' ने पुलिस के हवाले से बताया कि गोलीबारी में दो लोगों की मौत



हो गई और अन्य आठ घायल हो गए हैं। इनमें से चार लोग गंभीर स्थिति में स्थानीय अस्पतालों में ले जाए गए। पुलिस ने उनके नाम या उम्र के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। गोलीबारी या किसी संदिग्ध के बारे में कोई अतिरिक्त सूचना जारी नहीं की गई है।

## बाइडेन की एशिया यात्रा से तिलमिलाया चीन, दक्षिण चीन सागर में सैन्याभ्यास किया शुरू

**बीजिंगः** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की एशिया यात्रा से चीन तिलमिलाया उठा है। बाइडेन की दक्षिण कोरिया एवं जापान यात्रा से बौखलाए चीन ने विवादित दक्षिण चीन सागर में सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। बाइडेन की यह यात्रा काफी हद तक चीन से



संभावित खतरे का मुकाबला करने पर केंद्रित है। दक्षिणी द्वीपीय हेनान प्रांत में चीनी समुद्री सुरक्षा प्रशासन कार्यालय ने कहा कि यह सैन्याभ्यास शुरू हुआ जो सोमवार तक चलेगा। उसने कहा कि अन्य विमानों एवं जहाजों को संबंधित क्षेत्र में आने की मनाही होगी, लेकिन उसने उसका ब्योरा नहीं दिया। चीन दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है और अहम समुद्री मार्ग एशिया में संभावित टकराव का बिंदु बन गया है। अमेरिका ने संप्रभुता के मुद्दे पर कोई रूख तो नहीं अपनाया है लेकिन वह समुद्र में स्वतंत्र रूप से आने जाने तथा जंगी जहाजों को उस क्षेत्र में चीन के कब्जे वाले सैन्यीकृत द्वीपों के समीप ले जाने पर जोर डालता है। वह इसे नौवहन परिचालन की स्वतंत्रता बताता है। चीन ऐसे मिशनों को नियमित रूप से जानबूझकर की गयी भड़काऊपूर्ण कार्रवाई बताता है । उसका कहना है कि इससे शांति एवं स्थायित्व खतरे में पड़ जाती है।

## ऑस्ट्रेलिया में आम चुनाव के लिए मतदान शुरू, सत्ता की चाबी भारतीयों के हाथ

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में आम चुनाव के लिए शनिवार को मतदान शुरू हो गया,जिसमें कंजर्वेटिव और लेबर पार्टी के बीच कांटे की टक्कर है। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन का कंजर्वेटिव गठबंधन अगर चुनाव जीतता है कि तो वह चौथी बार सत्ता में आएगा। हालांकि इन चुनावों में विपक्षी नेता एंथनी अल्बानीस की मध्य-वाम लेबर पार्टी के विजयी होने के कयास लगाए जा रहे हैं। लेकिन मॉरिसन ने 2019 में भी चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों को धता बताते हुए मामूली अंतर से जीत हासिल की थी। देश के पूर्वी तट पर स्थानीय समयानुसार आठ बजे



पहला मतदान केंद्र खुला। महामारी के कारण ऑस्ट्रेलिया के 1.7 करोड़ मतदाताओं में से 48 प्रतिशत से अधिक ने पहले ही मतदान कर दिया या डाक मतपत्रों के लिए आवेदन किया है। वयस्क नागरिकों के लिए मतदान अनिवार्य है और पिछले चुनावों में 92 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया था। यात्रा या काम की वजहों से मतदान दो हफ्ते पहले शुरू हुआ था और ऑस्ट्रेलियाई निर्वाचन आयोग दो और हफ्तों के लिए डाक मतपत्र जमा करना जारी रखेगा। सरकार ने हाल में कोविड-19 से संक्रमित लोगों के फोन पर मतदान करने के लिए शुक्रवार को नियमों में बदलाव किया।

# जिनपिंग के लिए नाक का सवाल बन गई 'जीरो कोविड पॉलिसी', बहुत कुछ लगा है दांव पर

**बीजिंग ।** चीन में कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट कहर बरपा रहा है। शंघाई शहर पहले ही इसकी विभीषिका झेल रहा है अब बीजिंग वासियों को भी डर है कि उन्हें भी ओमिक्रॉन वैरिएंट के प्रकोप को झेलना पड़ेगा। इस बीच चीन में 'जीरो कोविड पॉलिसी' राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए नाक का सवाल बन गई है। भले ही वह इस नीति का समर्थन कर रहे हों, लेकिन चीन के अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इस नीति की आलोचना कर चुका है। उधर, चीन के बड़े शहरों में भी जिनपिंग की इस जीरो कोविड पॉलिसी का विरोध हो रहा है। बड़े स्तर पर लोग इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं तो ऑनलाइन कैंपेन भी चलाए जा रहे हैं। लोग जीरो-कोविड पॉलिसी पर राजनीतिक जिम्मेदारी तय करने की मांग कर रहे हैं।

**क्यों हो रहा विरोध?**

चीन के आर्थिक शहर शंघाई में कोरोना संक्रमण तेजी से फैला है। ऐसे में इस शहर को पूरी तरह से बंद कर दिया





गया है। जीरो कोविड पॉलिसी के तहत यहां आर्थिक गतिविधियों से लेकर आवाजाही पूरी तरह से ठप है। ऐसे में लोग घरों में कैद हैं। खाने-पीने का सामान तक मिलना दूभर हो गया है। इतनी सख्त नीति के कारण लोग बदतर हालातों में रह रहे हैं। ऐसे में इस नीति का अब चीन में भी विरोध हो रहा है।

**राजनीतिक लाभ के लिए नीति को पेश कर रहे जिनपिंग**

उधर, शी जिनपिंग अपनी इस नीति को राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से पेश कर रहे हैं। जीरो कोविड नीति को इस तरह से पेश किया जा रहा है कि जब अधिकांश पश्चिमी देशों को कोरोना के भारी प्रकोप का सामना करना पड़ा था तो जीरो कोविड पॉलिसी के तहत चीन को बहुत हद तक सुरक्षित रखा गया था। यहां न तो ज्यादा लोग संक्रमित हुए और मौतें भी कम हुईं। चीन की जीरो कोविड पॉलिसी को लेकर पिछले साल सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की शताब्दी के दौरान जश्न भी मनाया गया था।

**ओमिक्रॉन ने खोली कलई**

वहीं अब ओमिक्रॉन वैरिएंट ने इस पॉलिसी की कलई खोल कर रख दी है। सरकार की नीतियों पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं। आंकड़ों को देखें तो यहां ओमिक्रॉन वैरिएंट के कारण सैंकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। शंघाई इससे सबसे ज्यादा प्रभावित है। वहीं अब शंघाई के बाहरी शहरों में नए वैरिएंट का असर दिखने लगा है।

**विशेषज्ञों ने खड़े किए सवाल**

ऑक्सफोर्ड विवि में चीन के प्रोफेसर विविएल शी ने बताया कि चीन में नेतृत्व की अकर्मण्यता, जिद और नासमझी जोखिम पैदा कर रही है। यहां आर्थिक हालात बुरे होते जा रहे हैं। इसके बावजूद जिनपिंग जीरो कोविड पॉलिसी का समर्थन कर रहे हैं। सिंगापुर के नेशनल यूनिवर्सिटी में ली कुआन यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी के एसोसिएट प्रोफेसर अल्फ्रेड वू ने कहा, इस नीति को चुनौती देने का मतलब सीधे शी जिनपिंग को चुनौती देना है।

**क्यों साख का सवाल बन गई है जीरो कोविड नीति?**

शी जिनपिंग पिछले दो कार्यकाल से चीन के राष्ट्रपति पद पर काबिज हैं। इसी साल उनका कार्यकाल पूरा हो रहा है। पहले चीन में कोई भी व्यक्ति लगातार दो बार राष्ट्रपति रह सकता था। लेकिन शी संविधान से ये प्रावधान पहले ही हटा चुके हैं, जिसके तहत कोई व्यक्ति पांच साल के दो कार्यकाल से अधिक समय तक राष्ट्रपति नहीं रह सकता था। अब जबकि सीपीसी की पांच साल पर होने वाली अगली कांग्रेस (महाधिवेशन) 2022 में होगी, तो पूरी संभावना है कि शी को एक और कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुन लिया जाएगा। ऐसे में जिनपिंग के लिए जीरो कोविड पॉलिसी साख का सवाल भी बन गई है।

## 'मरियम आपके पति परेशान हो सकते हैं...' विपक्षी नेता पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर फंसे इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान बयानबाजी को लेकर विवादों में घिरते जा रहे हैं। अब उन्होंने पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी व पीएम शहबाज शरीफ की भतीजी मरियम नवाज को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी। इस पर वह घिर गए हैं। सोशल मीडिया में उनकी जमकर आलोचना हो रही है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और पूर्व पीएम इमरान खान ने अपनी मुल्तान रैली में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज के खिलाफ यह विवादित टिप्पणी थी थी। इसे लेकर पाकिस्तान के नेता उन पर भड़क गए हैं। जियो न्यूज के अनुसार देश के कई नेताओं, पत्रकारों और सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने इस टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी कड़ी आपत्ति जताई है।

**अशिष्टता की खाई में गिरे इमरान : पीएम शरीफ**



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, जो मरियम नवाज के चाचा भी हैं, ने ट्विटर पर इमरान खान के बयान पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की और कहा कि पूरे देश, विशेष रूप से महिलाओं को राष्ट्र की बेटी मरियम नवाज के खिलाफ इस्तेमाल की जाने वाली अपमानजनक भाषा की कड़ी निंदा करनी चाहिए।शरीफ ने ट्वीट कर कहा, 'देश और राष्ट्र के खिलाफ आपके अपराधों को आपके हल्के हास्य के तहत छिपाया नहीं जा सकता। जो लोग मस्जिद नबावीकी पवित्रता का सम्मान नहीं कर सकते हैं उनसे किसी की मां, बहनों और बेटियों के सम्मान का सम्मान करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है?' पीएम शरीफ ने आगे कहा कि 'इमरान इतिहास में पहले व्यक्ति हैं जो एक पार्टी के नेता के रूप में अशिष्टता की खाई में गिर गए।

**जिनके घरों में मां-बहनें वे ऐसी भाषा नहीं बोलते : जरदारी**

पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा कि वह पीटीआई के अध्यक्ष द्वारा इस्तेमाल अपमानजनक भाषा की निंदा करते हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष जरदारी ने कहा कि जिनके घरों में मां और बहनें हैं, वे दूसरी महिलाओं के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करते। राजनीति के नाम पर इतना नीचे मत गिरो। अपनी मुल्तान रैली में इमरान खान ने मरियम नवाज की सरगोधा में हुई रैली का जिक्र कर कहा था, ' साथ मेरा नाम बोला कि मैं उनसे कहना चाहूंगा कि मरियम, कृपया सावधान रहें! आपके पति परेशान हो सकते हैं क्योंकि आप लगातार मेरा नाम दोहरा रही थीं।'

## तालिबान मुखिया ने अपनी सरकार के अधिकारियों को शादी को लेकर दिए ये सख्त निर्देश

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान के मुखिया हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने अपनी अंतरिम सरकार के अधिकारियों को शादी को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। अखुंदजादा ने अधिकारियों को एक से ज्यादा बार शादी न करने का आदेश दिया है। न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान के सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा की ओर से अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा गया है कि वह दो, तीन या चार शादियां न करें। ये जरूरी भी नहीं है और महंगा भी पड़ता है। पिछले साल सत्ता में आने से पहले



जनवरी में तालिबान ने इसी तरह का फरमान जारी किया था। इसमें तालिबान ने नेताओं और कमांडरों को कई पत्नियां रखने पर रोक लगा दी थी। उस दारौन तालिबान ने कहा था कि इस तरह की प्रथा से हमारे दुश्मनों को आलोचना का मौका मिल जाता है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक दहेज को लेकर लोग शिकायत कर रहे थे। कुछ लोगों ने अपने उच्चाधिकारियों से दहेज देने में सहायता के लिए पैसे मांगे थे।कई शिकायतें मिलने के बाद इस तरह का आदेश अब तालिबान ने जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक कुछ इलाकों में 20 लाख अफगानी लगभग 20,23,283 रुपए को दहेज के रूप में दिया जाता है। तालिबान के अधिकारी दहेज की इसी रकम से अपनी दूसरी शादी करते हैं। TTP के सामने घुटने टेकने को तैयार पाकिस्तानी सेना! बातचीत के लिए काबुल पहुंचा बदनाम फैज़ हमीद।

## इमरान की पार्टी के 25 विधायक डी-सीट घोषित, चुनाव आयोग के फैसले से और गहराएगा सियासी संकट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के शीर्ष चुनाव निकाय ने पिछले महीने पंजाब के मुख्यमंत्री के चुनाव में पार्टी के निर्देश के खिलाफ मतदान करने के मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 25 असंतुष्ट सदस्यों को डी-सीट कर दिया। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पिछले महीने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हमजा शहबाज के पक्ष में मतदान करने के लिए 25 असंतुष्ट प्रांतीय सांसदों की अयोग्यता के मामले में अपने फैसले की घोषणा की। ईसीपी ने अपने फैसले में कहा कि पीटीआई के सांसद संविधान के अनुच्छेद 63-ए के तहत दोषी हैं और डी-सीट किया जाता है।

**डी-सीटेड यानि विधायक अपनी सीट गंवा चुके हैं**

डी-सीटेड का मतलब है कि विधायक या सांसद अपनी सीट खो चुके हैं लेकिन अयोग्य नहीं हैं। पीटीआई के ये असंतुष्ट विधायक इन सीटों पर होने वाले उपचुनाव में हिस्सा ले सकते हैं। ईसीपी ने 17 मई को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें कहा गया था कि इसकी घोषणा अगले दिन की जाएगी लेकिन बाद में घोषणा को टाल दिया गया। जो डी-सीटेड हैं वे एक महीने के भीतर सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के पास इस मामले पर फैसला करने के लिए 90 दिन का समय है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद 63-ए के बारे में उसके फैसले के आलोक में महत्वपूर्ण है, जो दलबदल पर सांसदों की अयोग्यता से संबंधित है, जिसकी घोषणा इस सप्ताह की शुरुआत में की गई थी। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया था कि असंतुष्ट सांसदों के वोटों की गिनती नहीं की जा सकती है, जिससे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शहबाज के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है।

## अगले सप्ताह चीन के दौरे पर जाएंगी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार अधिकारी सोमवार को चीन की छह दिवसीय यात्रा पर जाएंगी। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैश्लेट अपनी इस यात्रा के दौरान शिनजियांग क्षेत्र भी जाएंगी। मानवाधिकार समूहों और कुछ पश्चिमी देशों की सरकारों का आरोप है कि चीन सरकार शिनजियांग क्षेत्र में उइगर और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों का नरसंहार कर रही है। हालांकि चीन सरकार इन आरोपों से इनकार करती आई है। बैश्लेट ग्वांगझोउ, काशगर और शिनजियांग की क्षेत्रीय राजधानी उरुमकी का दौरा करेंगी। उनके कार्यालय ने बताया कि 2005 के बाद से मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त की चीन की यह पहली यात्रा होगी। वह उच्चस्तरीय राष्ट्रीय और स्थानीय अधिकारियों, नागरिक समाज संगठनों, व्यापार प्रतिनिधियों और शिक्षाविदों के साथ बैठक करेंगी।कार्यालय ने बताया कि वह ग्वांगझोउ विश्वविद्यालय में एक व्याख्यान देंगी। पांच सदस्यीय एक टीम 25 अप्रैल को बैश्लेट की यात्रा की तैयारी के लिए चीन पहुंची थी जिसने ग्वांगझोउ और शिनजियांग की यात्रा की थी।

## 'रूस हर उस बम का भार महसूस करेगा जिसे उसने यूक्रेन पर गिराया', जेलेंस्की की पुतिन को चेतावनी

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन महीने पूरे होने में अब मात्र तीन दिन रह गए हैं। इतने लंबे समय के संघर्ष के बावजूद दोनों देशों में कोई भी झुकने के लिए तैयार नहीं है। हालांकि, इस युद्ध में यूक्रेन को काफी नुकसान पहुंचा तक लगभग 8000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।





लगभग 1 करोड़ 40 लाख लोगों ने यूक्रेन छोड़कर पड़ोसी देश में शरण लिया है।

रूसी सेना ने दावा किया कि मारियूपोल में यूक्रेनी सैनिकों की आखिरी पकड़ अजोवस्टल स्टील वर्क्स पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है। सात प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समूह ने इस साल युद्धग्रस्त देश यूक्रेन को करीब 20 अरब डॉलर की सहायता देने का वादा किया है। रूस ने यूक्रेनी बंदरगाहों पर एक तरह से कब्जा कर लिया है। इससे दुनियाभर में भोजन की कमी की आशंका बढ़ती जा रही है। फिनलैंड का कहना है कि रूस ने प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को निलंबित कर दिया है।

रूसी सैनिकों ने यूक्रेन एक नदी के किनारे के शहर पर बमबारी की, जहां कुछ अलगाववादी भी साथ दे रहे हैं। बर्लिन में रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि जर्मनी जुलाई में यूक्रेन को पहले 15 गेपर्ड टैंक वितरित करेगा।

रूस ने दावा किया है कि कई दुश्मन देशों द्वारा रूस पर साइबर हमलों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि वह 40 से अधिक उम्र को सेना में भर्ती करेगा।

**पड़ोसी देशों ने बढ़ाया रूस पर दबाव**

पड़ोसी देश फिनलैंड और स्वीडन अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य संगठन नाटो में शामिल होने के लिए आवेदन कर दिया है। ऐसे में रूस खुद पर दबाव महसूस करने लगा है। रूस ने फिनलैंड से लगने वाली पश्चिमी सीमा पर सैनिकों और हथियारों की तैनाती बढ़ाने का फैसला किया है।

**रूस ने यूक्रेन में की नई पीढ़ी के शक्तिशाली लेजर हथियारों की तैनाती**

मैरियूपोल पर कब्जे के बाद रूस ने यूक्रेन में नई पीढ़ी के शक्तिशाली लेजर हथियारों की तैनाती की है। इसके सहारे वह पश्चिम से यूक्रेन को सप्लाई किए गए ड्रोन को नष्ट करेगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## यूक्रेन की मदद के लिए जी-7 देश तैयार, भेजेंगे 18.4 बिलियन डॉलर का राहत पैकेज

**कीव।** रूस से खिलाफ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन की मदद करने के लिए अब जी7 देशों ने कमर कस ली है। उन्होंने यूक्रेन की मदद के लिए करोड़ों डॉलर की मदद देने की बात कही। साथ ही, पर्याप्त पैसा देने पर भी चर्चा की, जिससे रूस के हमले की वजह से यूक्रेन की तबाह हो रही अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके।

**जी7 देशों ने कही यह बात**

अमेरिका, जापान, कनाडा, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और इटली के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों ने रूस पर दबाव बनाने के मकसद से और ज्यादा प्रतिबंध लगाने पर भी चर्चा की। बता दें कि रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था। जी7 देशों का मानना है कि ज्यादा प्रतिबंध लगाकर ही रूस को युद्ध खत्म करने के लिए मजबूर किया जा सकता है।

**यूक्रेन की ऐसे करेंगे मदद**

मीटिंग के दौरान जी7 देशों के अधिकारियों ने यूक्रेन को 18.4 बिलियन डॉलर की मदद भेजने की बात कही। इसमें 9.2 बिलियन डॉलर की रकम भी शामिल होगी, जिसका वादा हाल




ही में किया गया था। जी7 देशों की बैठक में खाद्य और एनर्जी की बढ़ती कीमतों, ग्लोबल कॉर्पोरेट टैक्स रिफॉर्म की प्रोग्रेस और कोरोना महामारी की वजह से देश के वर्तमान हालात पर भी चर्चा की गई।

**कनाडा ने रूस के 14 नागरिकों पर लगाया प्रतिबंध**

रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच कनाडा ने रूस के 14 नागरिकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। कनाडा की सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, ये 14 लोग मॉस्को से या मॉस्को में लग्जरी सामान का आयात-निर्यात नहीं कर सकेंगे। इन 14 लोगों में रूस के रईस शख्स, उनके परिजन और पुतिन के करीबी सहयोगी शामिल हैं।

**पुतिन ने साइबर हमलों की शिकायत की**

इस बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर उनके देश को पश्चिम की ओर से साइबर हमलों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि, उन्होंने दावा कि इन हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम किया जा रहा है। रूस की सुरक्षा परिषद में शुक्रवार को पुतिन ने रेखांकित किया कि इस क्षेत्र (साइबर में) में चुनौती और जटिल, गंभीर और विस्तृत हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस के खिलाफ सूचना क्षेत्र में हमला किया जा रहा है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि हम पर साइबर हमला किया जा रहा है, यह रूस पर प्रतिबंधों के जरिये किए जा रहे हमलों जैसा है।

# अफ्रीकी देश कांगो में मंकीपॉक्स से 58 लोगों की मौत

**किंशासा/ज्यूरिख।** अफ्रीकी देश कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में मंकीपॉक्स के 1,284 संदिग्ध मरीज सामने आए हैं। साथ ही इस बीमारी से 58 लोगों की मौत हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने यह जानकारी दी। कांगो स्थित डब्ल्यूएचओ कार्यालय ने ट्वीट में लिखा- 'कांगो के संकुरू, त्शोपो, इक्वेटूर और त्शुपा आदि प्रांतों में भी 913 मरीजों की सूचना मिली है। यह देशभर कुल मरीजों का लगभग 75 प्रतिशत है।' इस बीच डब्ल्यूएचओ यूरोप के क्षेत्रीय निदेशक डॉ हंस हेनरी क्लूज ने कहा है कि यूरोप के आठ देशों ने पहले ही मंकीपॉक्स के मरीजों की पुष्टि की है। संगठन को शुक्रवार को मंकीपॉक्स के 37 पुष्ट मामलों के बारे में सूचित किया गया। अन्य 71 संदिग्ध मरीजों की जांच की जा रही है।